    (ख) अरे विमलेश तुम गोविंद के घर जाओ

    (ग) तुम बाज़ार जाकर तेल चीनी चावल और घी लाना

    (घ) मेरा नाम सिम्मी और मेरी बहिन का नाम सानू है

5. दिए गए वाक्यों को पढ़िए और कोष्ठक में पूछे गए विराम चिह्नों पर सही का निशान लगाइए।

    (क) वाह(!) कितना सुंदर शॉल है। (प्रश्नवाचक, विस्मयादि बोधक)

    (ख) तुम कहाँ जा रहे हो (?) (पूर्ण विराम, प्रश्नवाचक)

    (ग) पवन और अमन अच्छे मित्र हैं (।) (प्रश्नवाचक, पूर्ण विराम)



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-23

**दक्षता : संदर्भ में संज्ञा शब्दों को लिख पाना।**


1. संज्ञा शब्दों की सहायता से शब्द सीढ़ी बनाइए।

(क) घोड़ों के रहने का स्थान।

(ख) लकड़ी काटने वाला।

(ग) राम ने जिसका वध किया।

(घ) जंगल का अर्थ है।




2. उचित संज्ञा छाँटकर वाक्य पूरा कीजिए।

| | |
|---|---|
| जैसे – फूल पर <u>तितली</u> बैठी है। | (चिड़िया / तितली) |
| (क) ........................ खेतों में काम करता है। | (माली / किसान) |
| (ख) शेर ...................... का राजा है। | (दंगल / जंगल) |
| (ग) ..........................बहुत खूबसूरत इमारत है। | (ताजमहल / गुंबद) |

3. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित करें व रिक्तस्थान में लिखिए।

| | |
|---|---|
| (क) मैंने एक <u>हाथी</u> पाला है। | .................हाथी............ |
| (ख) गाँधी जी को राष्ट्रपिता कहा जाता है। | .......................................... |
| (ग) रमेश बहुत समझदार था। | .......................................... |
| (घ) शिकारी जंगल में घूम रहा है। | .......................................... |
| (ङ) बगीचे में फूल खिले हैं। | .......................................... |

4. संज्ञा शब्दों से वाक्य निर्माण कीजिए।

(क) नदी ..............................................................................................................

(ख) देश ..............................................................................................................

(ग) नेता ..............................................................................................................

(घ) खिलाड़ी ..............................................................................................................

(ङ) पहाड़ ..............................................................................................................

(च) इमारत ..............................................................................................................

## कार्यपत्रक-24

**दक्षता : विशेषता बताने वाले शब्दों का उपयोग कर पाना।**

1. दिए गए वाक्यों में से विशेषता बताने वाले शब्दों को छाँटकर लिखिए।

(क) **काला** हिरण बहुत **सुंदर** है।    काला सुंदर

(ख) हिमालय पर्वत बहुत ऊँचा है। ____________________

(ग) बाग में हरे–भरे पेड़ पौधे हैं। ____________________

(घ) कक्षा में तीस बालक पढ़ रहे हैं। ____________________

(ड़) यह गन्ना बहुत मीठा है। ____________________

(च) सभा में कम लोग आए। ____________________

(छ) सारी घास गाय को खिला दो। ____________________

2. नीचे बॉक्स में दिए गए विशेषण शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए।

| मीठा, अँधेरा, आगे, रंगीन, चौथा, ताज़ा, गुलाबी |
|---|

(क) यह आम बहुत **मीठा** है।

(ख) गली में................................ मकान मेरा है।

(ग) कमरे के भीतर ........................................ है।

(घ) कार का .................... का पहिया पंचर हो गया।

(ड़) पलंग पर .............................. चादर बिछी है।

(ज) यह गाजर बहुत ....................... है।

(झ) रुबिना ने ...................... रंग का फ्रॉक पहना था।

3. दिए गए शब्दों के उचित विलोम शब्द पर गोला लगाइए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | मित्र – | सहपाठी | दोस्त | (शत्रु) | सखा |
| (ख) | चुस्त – | आलसी | अस्वस्थ | रोगी | तेज़ |
| (ग) | जड़ – | चेतन | पेड़ | पौधा | तना |
| (घ) | कठोर – | निशा | मुलायम | सुबह | सख़्त |
| (ङ) | उजाला – | अँधेरा | घटा | उपकार | रात |



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

## आकलन पत्रक–1

1. **निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्द एवं संज्ञा शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द ढूँढ़ कर लिखिए।**

| | | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|---|
| (क) | मेरी दादीजी सुंदर हैं। | ..................... | ..................... |
| (ख) | प्रतिभा तेज दौड़ती है। | ..................... | ..................... |
| (ग) | गर्म दूध नहीं पीना चाहिए। | ..................... | ..................... |
| (घ) | मूसलाधार बारिश हो रही है। | ..................... | ..................... |

2. **संज्ञा शब्दों से वाक्य निर्माण कीजिए।**

(क) गंगा ..............................................................................................................................

(ख) देश ..............................................................................................................................

(ग) ताजमहल ..............................................................................................................................

(घ) खिलाड़ी ..............................................................................................................................

(ङ) पर्वत ..............................................................................................................................

(च) भवन ..............................................................................................................................

3. **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया शब्द एवं काल ढूँढ़कर लिखिए।**

| | | क्रिया शब्द | काल |
|---|---|---|---|
| 1. | रानू कल गाना गाएगी। | ........................ | ....................... |
| 2. | उदय दौड़ रहा है। | ........................ | ....................... |
| 3. | सभी लड़कों ने नृत्य किया। | ........................ | ....................... |

4. नीचे दिए गए विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए एक–एक वाक्य लिखिए ।

? ________________________________________________

! ________________________________________________

। ________________________________________________

, ________________________________________________

☆ ☆ ☆

**टिप्पणी :** ..............................................................................................................

..............................................................................................................

.................................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ...................

## कार्यपत्रक-25

**दक्षता : क्रिया शब्द का प्रयोग सही तरीके से कर पाना।**

1. नीचे दिए गए चित्रों को देखकर उनके क्रिया शब्द लिखिए एवं वाक्य बनाइए।

| चित्र | क्रिया शब्द | वाक्य में प्रयोग |
|---|---|---|
|  | चलाना | रेहाना और आमीर साइकिल चला रहे हैं। |
|  | | ______________________ |
|  | | ______________________ |
|  | | ______________________ |

2. नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों पर गोला लगाइए और क्रिया लिखिए।

(क) आज भूख के मारे प्राण **(निकल)** रहे हैं । ____निकलना____

(ख) हम आप को अच्छी चीज़ खिलाएँगे । ______________

(ग) हम लोग लोमड़ी को मज़ा चखाएँगे । ______________

(घ) कुएँ में झाँक कर देखिए । ______________

(ड) अशोक नदी में तैर रहा है । ______________

(च) दीपिका सुबह से खेल रही है । ______________

3. नीचे दिए गए शब्दों का खाली स्थान में सही प्रयोग करके वाक्य को पूरा कीजिए।

(क) अध्यापक बच्चों को **पढ़ा रहे हैं**। (पढ़ाना)

(ख) दादा जी कहानी .................................................. (सुनाना)

(ग) रवि ने खाना .................................................. (पकाना)

(घ) पुत्र ने पिता को पत्र.................................................. (लिखना)

(ड़) प्रधानाचार्य ने भाषण .................................................. (देना)

(च) तुम घर कब .................................................. (जाना)

## कार्यपत्रक-26

**दक्षता : क्रिया शब्दों को पहचानना और वाक्य में प्रयोग कर पाना।**

1. नीचे दिए क्रिया शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए।

   (क) हँसना ..........................................................................................

   (ख) लिखना ..........................................................................................

   (ग) गाना ..........................................................................................

   (घ) बजाना ..........................................................................................

2. नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द पहचानिए और उनके नीचे रेखा खींचिए।

   (क) मैं शाम को मंदिर जाता हूँ।

   (ख) बच्चा दूध पीते–पीते सो गया।

   (ग) मैं नाश्ते में इडली खाती हूँ और दूध पीती हूँ।

   (घ) आरती विद्यालय जाती है।

   (ङ) राधा ने बिल्ली को दूध पिलाया।

3. दिए गए कोष्ठक में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

   (क) कमला ने बाज़ार से दवाई ..................................। (माँगी / मँगवायी)

   (ख) रवि ने मीरा से फोटो ..................................। (खींचा / खिंचवाया)

   (ग) मेरा भाई दिल्ली में ........................ है। (पढ़ता / पढ़ती)

   (घ) दादाजी ने रवि से पत्र ..................................। (लिखा / लिखवाया)

4. इन ध्वनि क्रियाओं से नए शब्द बनाइए।

   जैसे – खट–खट **=** खटखटाना

   (क) टन–टन = ............................ (ख) हिन–हिन = ............................

   (ग) भिन्न–भिन्न= ............................ (घ) गुन–गुन = ............................

5. गद्यांश में आए क्रिया पदों को छाँटिए।

   सुबह स्नान करने के बाद बाबा भारती के पाँव रोज़ की तरह अस्तबल की ओर बढ़ गए। फाटक पर पहुँचकर उन्हें अपनी भूल का पता चला। वे वहीं रुक गए। सुल्तान ने बाबा के पैरों की आवाज़ पहचान ली और वह हिनहिनाया। वे खुशी से दौड़ते हुए अंदर घुसे और घोड़े के गले से लिपट गए।

   ..........................................................................................................................

   ..........................................................................................................................

   ..........................................................................................................................

   ..........................................................................................................................

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

## कार्यपत्रक-27

**दक्षता : क्रिया और काल को समझ पाना और उनका सही प्रयोग कर पाना।**

1. वाक्य में प्रयुक्त होने वाली क्रिया के काल को लिखिए।

(क) यह दुकानदार सामान कम <u>तौलता है</u>। ..........वर्तमान काल..........

(ख) कल मैं विद्यालय नहीं गया। ..............................

(ग) बंदर केला खा रहा है। ..............................

(घ) बबीता, गीता से आगे निकल जाएगी। ..............................

(ङ) कल चित्रकला की प्रतियोगिता है। ..............................

2. दिए गए वाक्यों के काल को समझ कर सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

(क) वह सिनेमा गया होगा। (भूतकाल, भविष्यत् काल, वर्तमान काल)

(ख) तेज आँधी आई थी। (वर्तमान काल, भूतकाल, भविष्यत् काल)

(ग) पिताजी भैया को पत्र लिखेंगे। (भविष्यत् काल, भूतकाल, वर्तमान काल)

(घ) आरती पढ़ रही है। (वर्तमान काल, भूतकाल, भविष्यत् काल)

(ङ) अगले माह हम लोग घूमने जाएँगे। (वर्तमान काल, भूतकाल, भविष्यत् काल)

3. वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर पुनः लिखिए।

| | |
|---|---|
| जैसे :– मैं इस घर में रहता था। | (भूतकाल) |
| मैं इस घर में रहता हूँ। | (वर्तमान काल) |

(क) मोर नाच रहा है। (वर्तमान काल)

.............................................................. (भूतकाल)

(ख) आपने आज क्या खाया ? (भूतकाल)

.............................................................. (भविष्यत् काल)

(ग) वह कॉलेज में पढ़ती थी। (भूतकाल)

.............................................................. (वर्तमान काल)

(घ) कल विद्यालय में छुट्टी है। (भविष्यत् काल)

.............................................................. (भूतकाल)

(ङ) कल हम दिल्ली जाएँगे। (भविष्यत् काल)

.............................................................. (वर्तमान काल)



दिनांक .......................... हस्ताक्षर शिक्षक: .................................. ☆☆☆

## कार्यपत्रक-28

**दक्षता : लिंग परिवर्तन वाले शब्द को समझ कर सही प्रयोग कर पाना।**

1. दिए गए शब्दों का लिंग के आधार पर मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| मोर | बकरी |
| ऊँट | धोबिन |
| मुर्गा | मोरनी |
| छात्र | पत्नी |
| पति | छात्रा |
| बकरा | बालिका |
| धोबी | मुर्गी |
| बालक | ऊँटनी |

| | |
|---|---|
| माता | कवि |
| गायिका | बेटा |
| देवी | पिता |
| शेरनी | गायक |
| बुढ़िया | महोदय |
| बेटी | देव/देवता |
| कवयित्री | शेर |
| महोदया | बूढ़ा |

2. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताइए।

| | शब्द | लिंग |
|---|---|---|
| (क) | सम्राट | पुल्लिंग |
| (ख) | नानी | ________ |
| (ग) | कौआ | ________ |
| (घ) | नदी | ________ |
| (ङ) | कविता | ________ |

| | शब्द | लिंग |
|---|---|---|
| (क) | सोमवार | ________ |
| (ख) | हाथी | ________ |
| (ग) | हिमालय | ________ |
| (घ) | मोहिनी | ________ |
| (ङ) | कोयल | ________ |

3. रेखांकित शब्दों के लिंग परिवर्तन कर रिक्त स्थान को पूरा कीजिए।

(क) वर और .................................. को सब लोगों ने आशीर्वाद दिया।

(ख) राधा की पुत्री और ........................................ दोनों ही गुणी हैं।

(ग) गाय हमें दूध देती हैं और ...................................... खेतों में काम करते हैं।

(घ) मोर जितना सुंदर होता है ..................................... उतनी सुंदर नहीं होती।

(ङ) एक ही किताब से लड़का और ........................................ दोनों पढ़ रहे हैं।

☆☆☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ..................................

## कार्यपत्रक-29

**दक्षता : क्रिया चित्रों को पहचानना और वाक्य में प्रयोग कर पाना।**

1. चित्र में होने वाली क्रिया को दिए गए वाक्यों से मिलान कीजिए।

(क)  लड़का पुस्तक पढ़ रहा है।

(ख)  बंदर केला खा रहा है।

(ग)  पक्षी आकाश में उड़ रहा है।

(घ)  बच्चे फुटबॉल खेल रहे हैं।

(ङ)  दीपक जल रहा है।

2. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया संबंधी अशुद्धियाँ हैं; उन्हें ठीक करके वाक्य दोबारा लिखिए।

(क) आइए, खाना खा लो। ..........................................

(ख) मैं आज पढ़ने नहीं आएगा। ..........................................

(ग) यह मैंने करा है। ..........................................

(घ) मीनल ने वह बात सुना था। ..........................................

(ङ) कोमल ने गाना गाई। ..........................................

3. क्रिया का उचित रूप लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।

(क) डाल पर दो चिड़िया ................................हैं। (बैठ)

(ख) बाज़ार में दुकानें ................................ हैं। (सज)

(ग) आप मेरे घर ................................। (आ)

(घ) जाओ चले ................................। (जा)

(ङ) पिताजी ने समाचार पत्र ................................। (पढ़)

(च) मोहिनी ने सुंदर चित्र ................................। (बन)



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

# गतिविधि

**गतिविधि – आशुभाषण**
**समय : 2 मिनट**
**सामग्री : शीर्षक बिंदु की पर्ची**

**निर्देशः**

- शिक्षक सभी विद्यार्थियों को कक्षा में खड़े होकर भाषण देने के लिए प्रेरित करेंगे।
- छात्रों को बोलने के लिए उनके परिचित व परिवेश से संबंधित बिंदुओं पर बोलने के लिए कहेंगे।
- प्रत्येक छात्र को पृथक–पृथक बिंदु देंगे।
- इस गतिविधि में शिक्षक छात्र की प्रस्तुति, हावभाव, स्पष्ट उच्चारण, विषय वस्तु का ध्यान रखेगा व गतिविधि के पश्चात् सामूहिक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।
- नीचे आशु भाषण के लिए कुछ बिंदु दिए जा रहे हैं– आप भी इस प्रकार के अन्य बिंदुओं का उपयोग कर सकते हैं।

पेड़ों से लाभ, मेला, बस स्टैण्ड, दूध डेयरी, नीम, यदि मैं सरपंच होवूँ, मेरे पापा, रुमाल झपट्टा, बॉलीबाल, कबड्डी, शेर, मेरी गाय, फलों राजा, मीठी–मीठी मिठाइयाँ, पहिया, धरती, सड़क, हवा, तालाब, बरसात, शाला, मेरी प्यारी किताब, घड़ी, आइसक्रीम, माँ ने बनाई खीर।





# आकलन पत्रक-2

1. दिए गए रिक्त स्थान को क्रिया शब्दों से पूरा कीजिए।

(क) रमेश .................................. खेलेगा। (पढ़)

(ख) रीना खाना ..................................सो गई। (खा)

2. दिए गए वाक्यों को पहचान कर सही काल पर निशान लगाइए।

(क) अध्यापिका पढ़ा रही है। (भूतकाल / वर्तमान काल / भविष्यत् काल)

(ख) बच्चे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। (वर्तमान काल / भूतकाल / भविष्यत् काल)

3. वाक्य में होने वाले क्रियाकाल को पहचान कर लिखिए।

(क) आज बहुत गर्मी है। ..............................................................................

(ख) कल पुरस्कार बाँटे जाएँगे। ..............................................................................

(ग) कक्षा में बच्चे शोर मचा रहे हैं। ..............................................................................

(घ) हलवाई जलेबियाँ बना रहा है। ..............................................................................

4. दिए गए शब्दों का लिंग के अनुसार मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| चूहा | दादी |
| दादा | मोरनी |
| ऊँट | चुहिया |
| मोर | ऊँटनी |

| | |
|---|---|
| गायिका | भाई |
| बहिन | शेरनी |
| शेर | नानी |
| नाना | गायक |

5. जिन शब्दों के नीचे रेखा खींची गई है उनके लिंग बदल कर वाक्य पूरा कीजिए।

(क) हमारे विद्यालय में <u>लड़के</u> और .................................. साथ पढ़ते हैं।

(ख) राघव के घर <u>बकरी</u> और .................................. दोनों हैं।

6. लिंग संबंधी अशुद्धियाँ ठीक करके वाक्य दोबारा लिखिए।

(क) बहन खेल रहा है। ..................................................................

(ख) मोहन एक अच्छी अभिनेत्री है। ..................................................................

**टिप्पणी :** ..............................................................................................

..............................................................................................

.................................................... **हस्ताक्षर शिक्षक :** ....................

☆ ☆ ☆

# कार्यपत्रक-30

**दक्षता : छोटी कहानी पढ़ना और पात्रों की प्रकृति के बारे में निष्कर्ष निकाल पाना।**

साम्बा नगर में एक बुद्धिमान व्यक्ति रहता था उसका नाम श्यामसुंदर था। उसी नगर में एक शरारती बंदर रहता था। वह नगर के लोगों को तंग करता था। कभी उनका कोई सामान ले जाता था तो कभी बर्तन, खाना, कपड़े आदि। सभी लोग उससे परेशान हो गए थे। एक दिन श्यामसुंदर ने बंदर को लालच देकर पकड़ लिया और जंगल में छोड़ आया। उसके बाद सभी आराम से रहने लगे।

1. ऊपर दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   (क) ............................ नगर में एक बंदर रहता था।
   - साम्बा
   - चम्बा
   - अम्बा

   (ख) सभी ....................................................से परेशान थे।
   - बंदर
   - गाय
   - चूहे

2. दिए गए शब्दों में से उचित शब्दों का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए।

   (क) सामने की बेल में ...................... लगे हैं। (आम , अंगूर)

   (ख) धरती तवे की तरह ............................ रही है। (ठंडी, तप)

   (ग) सभी डिब्बों पर एक जैसा ........................... है। (निशान, शान)

   (घ) लोमड़ी ................................ जानवर है। (मूर्ख, चतुर)

3. दिए गए वाक्यों को सही क्रम में लगाकर दोबारा लिखिए।

   (क) मैं / चतुर / आपसे / हूँ। ______________________

   (ख) आम / बहुत / नही / पसंद / है। / मुझे ______________________

   (ग) हम / जाते / हैं। / विद्यालय / सब ______________________

   (घ) मुझे / काम / ये / नहीं / पसंद / है। ______________________

4. नीचे दिए गए शब्दों का उनके सही अर्थ से मिलान कीजिए।

| | |
|---|---|
| बुद्धिमान | चैन |
| शरारती | परेशान |
| तंग | लोभ |
| लालच | बदमाश |
| आराम | अक्लमंद |

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

## कार्यपत्रक-31

**दक्षता : घटनाओं के अनुक्रम की पहचानकर उन्हें व्यवस्थित रूप दे पाना।**

# गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सी. वी. रमन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे। वे बचपन से ही दिमाग के धनी थे। उन्होंने अपनी पूरी शिक्षा भारत में रहकर की। बाद में उन्होंने कलकत्ता के साइंस कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्य किया। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग किये। प्रकाश किरणों पर उनका शोध कार्य रमण प्रभाव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। पूरे एशिया में सी. वी. रमन पहले व्यक्ति थे, जिनको विज्ञान के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार मिला।

1. नीचे दी गई जानकारी में से सही जानकारी चुनिए।

   (क) सी.वी. रमन कौन थे ?

   (1) डॉक्टर (2) पत्रकार (3) वैज्ञानिक

   (ख) प्रधानाचार्य के रूप में किस कॉलेज में कार्यरत हुए ?

   (1) साइंस कॉलेज-दिल्ली (2) साइंस कॉलेज-मद्रास (3) साइंस कॉलेज-कलकत्ता

   (ग) उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में कौन सा पुरस्कार मिला ?

   (1) भारत रत्न (2) नोबल पुरस्कार (3) पद्म विभूषण

2. कहानी के आधार पर नीचे दिए गए वाक्यों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए / शुरू से अंत की घटना को 1 से 5 के क्रम लगाइए।

   (क) प्रकाश किरणों पर उनका शोध कार्य रमण प्रभाव के नाम से प्रसिद्ध हुआ। ☐

   (ख) बाद में उन्होंने कलकत्ता के साइंस कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्य किया। ☐

   (ग) उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में नये-नये प्रयोग किए। ☐

   (घ) उन्होंने भारत में रहकर अपनी शिक्षा ग्रहण की। ☐

   (ड़) सी. वी. रमन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे। ☐

3. शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य पुनः लिखिए।

   (क) रस हिंदी खान की है। ____________________

   (ख) एकता ही हिंदी की कुंजी राष्ट्र है। ____________________

   (ग) हिंदी है रानी की भाषाओं। ____________________

   (घ) सी. वी. रमन को क्षेत्र में विज्ञान के पुरस्कार नोबल मिला।

   ____________________

   (ङ) वैज्ञानिक भारत के सी. वी. रमन थे।

   ____________________

   (च) इनका शोध प्रसिद्ध हुआ प्रकाश किरणों पर।

   ____________________

 दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

## कार्यपत्रक-32

**दक्षता : कहानी या संदर्भ से किसी शब्द के अर्थ को समझ पाना।**

एक समय की बात है, जब गधे जंगल में ही रहते थे। वे सारा दिन घास खाते और पेड़ की छाँव में आराम किया करते । एक दिन चालाक लोमड़ी गधे से बोली तुम जंगल से भाग जाओ नहीं तो शेर तुम्हें खा जाएगा।

गधे ने सोचा, मुझे जंगल छोड़ देना चाहिए और वह गाँव की तरफ निकल गया। रास्ते में गधे को एक नदी मिली जहाँ धोबी लोगों के कपड़े धो रहा था।

गधे ने धोबी से पूछा, क्या मैं गाँव में रह सकता हूँ। धोबी ने कहा, रह सकते हो लेकिन उसके बदले तुम्हें मेरी सहायता करनी होगी। फिर तुम गाँव में रह सकते हो। गधे ने कहा ठीक है और उस दिन से गधा धोबी के पास रहने लगा।

1. दी गई कहानी को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

   (क) गधे को जंगल में किस जानवर ने डराया?

   ______________________________

   (ख) जंगल को हम और किस नाम से जानते हैं ?

   ______________________________

   (ग) छाँव का दूसरा अर्थ क्या है ?

   ______________________________

2. कौन–कौन से पशु घास खाते हैं ?

   ______________________________

3. नीचे दिए गए जानवरों के नाम पढ़कर सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए।

   (क) लोमड़ी (पालतू जानवर , जंगली जानवर)

   (ख) गधा (पालतू जानवर , जंगली जानवर)

   (ग) चीता (पालतू जानवर , जंगली जानवर)

   (घ) कुत्ता (पालतू जानवर , जंगली जानवर)

4. नीचे दिए गए रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

   (क) नीता <u>धूप</u> में चलते–चलते थक गई और रुक कर पेड़ की ______________ में आराम करने लगी।

   (ख) लोमड़ी <u>चालाक</u> जानवर है, लेकिन गधा ______________ जानवर है।

   (ग) मुझे <u>गाँव</u> अच्छा लगता है, लेकिन मेरी बहन को ______________ अच्छा लगता है।

   (घ) आज स्कूल <u>बंद</u> है, लेकिन कल ______________ जाएगा।

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

# आकलन पत्रक-3

1. दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक बार एक शेर अपनी गुफा में सो रहा था। तभी अचानक एक चूहा कहीं से आकर शेर के ऊपर कूदने लगा। शेर की नींद खुल गई । शेर को चूहे पर बहुत गुस्सा आया और उसने चूहे को अपने पंजे से पकड़ लिया।

चूहा बहुत डर गया और काँपने लगा। चूहा शेर से बोला आप मुझे छोड़ देंगे तो आपका बहुत उपकार होगा। शेर को दया आई और उसने चूहे को छोड़ दिया।

एक दिन अचानक शेर शिकारी के जाल में फँस गया। शेर ज़ोर–ज़ोर से दहाड़ने लगा। यह सुन कर वहाँ चूहा आ गया और अपने नुकीले दाँतों से जाल को काट दिया। शेर आज़ाद हो गया और चूहे का बहुत धन्यवाद किया।

(क) चूहे ने शेर से क्या कहा ?

_______________________________________________

(ख) डर को हम और किस नाम से जानते हैं ?

_______________________________________________

(ग) उपकार का दूसरा अर्थ क्या है ?

_______________________________________________

(घ) शेर जंगल का ______________ है।

2. किन–किन जानवरों के दाँत नुकीले होते हैं ?

______________ ______________ ______________ ______________

3. शेर ने चूहे का धन्यवाद क्यों किया ?

_______________________________________________

4. नीचे दिए गए शब्दों से सरल वाक्य बनाइए।

(क) अचानक ________________________________________

(ख) गुस्सा ________________________________________

(ग) शिकारी ________________________________________

(घ) जाल ________________________________________

5. बताइए, कौनसे पालतू और कौनसे जंगली जानवर हैं ?

| लंगूर | बाघ | गेंडा | बकरी | भैंस |
|---|---|---|---|---|
| ___________ | ___________ | ___________ | ___________ | ___________ |

**टिप्पणी :** ...................................................................................................

...................................................................................................


................................................ **हस्ताक्षर शिक्षक :** ..................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-33

**दक्षता : पोस्टर और विज्ञापनों को पढ़ना और दी गई जानकारी और तथ्यों को समझ पाना ।**

1. विज्ञापन को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(क) ऊपर दिया गया विज्ञापन किस कार्यक्रम पर आधारित है ? ..........

(ख) यह किस स्थान पर आयोजित किया जा रहा है ? ..........

(ग) इस प्रतियोगिता में कौन–कौन सी कक्षाओं के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं ? ..........

(घ) प्रतियोगिता में इनाम की कुल राशि कितनी है ? ..........

2. पोस्टर को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(क) ऊपर दिया गया पोस्टर किस पर आधारित है ? ..........

(ख) प्लास्टिक प्रदूषण से किस–किसका नुकसान होगा ? ..........

(ग) प्लास्टिक प्रदूषण से कौन–कौन सी बीमारी हो सकती है ? ..........

**कार्यपत्रक-34**

**दक्षता : विज्ञापन ( चित्र ) को समझकर निष्कर्ष निकाल पाना।**

नीचे दिए गए विज्ञापन को पढ़ें और दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें।




1. यह विज्ञापन किस कार्यक्रम के लिए है ?
______________________________

2. यह कार्यक्रम किस स्थान पर आयोजित किया जा रहा है ?
______________________________

3. कौन–कौन सी कक्षा के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते हैं ?
______________________________

4. कार्यक्रम का समय क्या है ?
______________________________

5. कुल कितने रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा ?
______________________________

6. आपके विद्यालय में कौन–कौन सी प्रतियोगिताएँ होती हैं ?
______________________________

7. 'कला' शब्द का प्रयोग कर तीन–तीन नए शब्द बनाएँ।
जैसे : लोककला (क) ____________ (ख) ____________ (ग) ____________

8. दिए गए शब्दों का अर्थ बताएँ।
जैसे : प्रथम – पहला
(क) स्टेडियम ____________ (ख) इनाम ____________ (ग) प्रतियोगिता ____________

 दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

**कार्यपत्रक-35**

**दक्षता 18: लिखित सामग्री के तथ्यों को पढ़ना और समझ पाना।**

एक बड़ा कार्यक्रम
उतना ही बड़ा जितना आपके
बच्चे की कल्पना है।

**अखिल–भारतीय**
**जेब्रा रंग प्रतियोगिता 2020**
**में भाग लीजिए**

भारत का सबसे बड़ा बाल कलाकृति कार्यक्रम हाज़िर है। पूरे देश में हज़ारों पाठशालाओं के लाखों बच्चे इस में भाग लेने वाले हैं। बच्चों, यह आपके लिए जी भरकर चित्रकारी करने का मौका है। माता–पिता, यह आपके बच्चों के लिए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने का राष्ट्रीय अवसर है। जीतने वाली कलाकृतियों को देश के अनेक शहरों की प्रदर्शनियों में पेश किया जाएगा।
अधिक जानकारी के लिए अपनी पाठशाला में पूछें।

1. यह विज्ञापन एक________________________की घोषणा कर रहा है।
   (क) परीक्षा (ख) त्योहार (ग) प्रतियोगिता (घ) सम्मेलन
2. यह कार्यक्रम________________________की पाठशालाओं के लिए खुला है।
   (क) राजस्थान (ख) दिल्ली (ग) बिहार (घ) पूरे देश
3. जो माता–पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा भाग ले, उन्हें________________________से संपर्क करना चाहिए।
   (क) पाठशाला (ख) जेब्रा कंपनी (ग) इंडियन एक्सप्रेस (घ) नव भारत टाइम्स
4. इनमें से कौनसा कथन सही है।
   (क) जीतने वाले को नकद ईनाम दिया जाएगा।
   (ख) जीतने वाली कलाकृतियों को देश की कई प्रदर्शनियों में पेश किया जाएगा।
   (ग) जीतने वाली कलाकृतियों को समाचार पत्रों में छापा जाएगा।

☆ ☆ ☆ दिनांक ....................... हस्ताक्षर शिक्षकः ...............................

## कार्यपत्रक-36

**दक्षता : चित्र को समझना और लिख पाना।**

1. चित्र देखकर पाँच वाक्य लिखिए।



______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

2. दिए गए विज्ञापन को देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।




(क) ऊपर दिया गया विज्ञापन किस पर आधारित है ?

.............................................................................................

(ख) यह कब आयोजित होगा ?

.............................................................................................

(ग) किस उम्र के बच्चे इसमें भाग ले सकते हैं ?

.............................................................................................

(घ) यह प्रतियोगिता किस राज्य में आयोजित हो रही है ?

.............................................................................................

 दिनांक : .................................. हस्ताक्षर शिक्षकः .................................. ☆☆☆

1. दिए गए पोस्टर को देखकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




(क) ऊपर दिया गया पोस्टर किस पर आधारित है ?

________________________________________

(ख) प्रतियोगिता में आवेदन की अंतिम दिनांक क्या है ?

________________________________________

(ग) किस आयु वर्ग के बच्चे इसमें हिस्सा ले सकते हैं ?

________________________________________

2. अपूर्ण पत्र को पूरा कीजिए।

..............................................................

..............................................................

प्रिय मित्र / सखी,

नमस्ते!

तुम कैसी हो ? मैं यहाँ कुशलपूर्वक हूँ।.......................................................................................

..................................................................................................................................

.......................................................................................................भाई–बहन को मेरा नमस्ते कहना।

..............................................................

..............................................................

टिप्पणी : ..........................................................................................................

........................................................................................................................

................................................ हस्ताक्षर शिक्षक : ...................

# मध्यावधि मूल्यांकन (Midline Assessment)

- **यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।**
- **विद्यार्थी को सभी प्रश्न करने हैं।**
- **शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न समझने में सहायता करेंगे।**
- **टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।**

प्र. 1 नीचे लिखे अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए –

(1) मुझे सरदी अच्छा लगता है।

..............................................................................................

(2) बगीचे में मोरनी नाच रहा है।

..............................................................................................

(3) पौधा माली लगा रही है।

..............................................................................................

(4) सुनीता खाना बनाता हैं।

..............................................................................................

प्र. 2 नीचे दी गई क्रियाओं का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए –

देखना – ..............................................................................................

परखना – ..............................................................................................

निहारना – ..............................................................................................

बुहारना – ..............................................................................................

प्र. 3 नीचे दिए गए वाक्यों में काल बदलकर पुनः लिखिए –

(क) मनोज थक गया है।

..............................................................................................

(ख) सूरज उदय हो रहा था।

..............................................................................................

(ग) रेखा पढ़ रही होगी।

..............................................................................................

(घ) पूनम टी.वी. देखती है।

..............................................................................................

प्र. 4 निम्नलिखित गद्यांश में विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए पुनः लिखिए –

जीजी बोली थोड़ी देर में हत्यारा बनवीर सिंह चमचमाती हुए तलवार लेकर उदय के कक्ष में घुसा पन्ना ने पूरी बहादुरी के साथ बनवीर का विरोध किया बनवीर की आँखों में खून उतर आया।

उत्तर ..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

प्र. 5 नीचे दिए गए शब्दों में र के सही स्वरूप का प्रयोग करते हुए शब्द को पुनः लिखिए –

मम ............................ पश्न ............................ पकार ............................

गव ............................ टक ............................ चक ............................

प्र. 6 नीचे दिए गए दो वाक्यों को जोड़कर एक वाक्य बनाइए।

(क) शारदा भूखी थी। उसने खाना खा लिया।

..............................................................................................................................

(ख) सरदी की छुट्टियाँ आई। राधा नानी के घर गई।

..............................................................................................................................

(ग) हम जैसलमेर पहुँचे ही थे। सवेरा हो गया।

..............................................................................................................................

प्र. 7 नीचे दिए गए संवाद को आगे बढ़ाइए –

चॉक : मैं सबको पसंद आती हूँ। लिखने का काम जो करती हूँ।

डस्टर : श्याम पट्ट को लिखने जैसा मैं ही तो बनाता हूँ।

चॉक : ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

डस्टर : ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

प्र. 8 बताइए इन वाक्यों में कौन–सी क्रिया सकर्मक है और कौन–सी अकर्मक क्रिया है।

(क) गोविंद चित्र बना रहा है। ............................................

(ख) आशा खाती है। ............................................

(ग) भरत पानी भरता है। ............................................

(घ) किरण आती है। ............................................

प्र. 9 नीचे दिए गए वाक्यों को सही क्रम में लगाकर लिखिए –

(क) बहादुरी से/नाना साहब/आ गए।/दोनों/थे/की/बाहर

..............................................................................................................................

(ख) मेले/है।/दृश्य चित्र/का/लगाना

..............................................................................................................................

(ग) चाहिए।/भरा/व्यक्ति को/रहना/आशा से

..............................................................................................................................

प्र. 10 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

एक किसान के चार बेटे थे – तंदरुस्त, लेकिन निकम्मे। दिनभर आवारागर्दी करते, कोई काम नहीं करते थे। एक बार किसान बीमार पड़ा। उसने बेटों को बुलाकर कहा, "मैं अब नहीं बचूँगा। तुम लोग मेरी मृत्यु

के बाद जमीन में गड़ा धन निकाल लेना।" जल्दी ही वह चल बसा। चारों बेटों ने पूरा खेत खोद डाला। मगर कुछ हाथ न लगा। वे बहुत निराश हुए। तभी एक ने कहा – "खेत में हम गेहूँ बो देते हैं।" उस साल बहुत अच्छी फसल हुई। उन्हें बहुत लाभ हुआ। अब उन्हें समझ में आया कि असली धन तो मेहनत है।

(क) उक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए।

..........

(ख) किसान ने बेटों को बुलाकर क्या कहा ?

..........

..........

(ग) खेत को खोद डालने पर भी धन नहीं मिला। ऐसी स्थिति में आप होते तो क्या करते ?

..........

..........

(घ) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए।

1. चल बसना ..........
2. खून पसीना एक करना ..........
3. कुछ हाथ न लगना ..........

प्र. 11 नीचे दी गई कविता को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है।
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।।
मन का विश्वास रंगों में साहस भरता है।
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

..........

(ख) चींटी के मन में साहस कब भर जाता है ?

..........

(ग) चींटी की मेहनत बेकार कब नहीं होती है ?

..........

(घ) उपर्युक्त पंक्तियों में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए।

..........

..........

..........

..........

प्र. 12 आपकी पसंद की कोई एक कहानी लिखिए –

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

प्र. 13 अपने आपको राजापार्क, जयपुर की विजया समझते हुए अपने बड़े भाई राहुल को पत्र लिखकर बताइए कि आप कक्षा 6 में प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुई है।

..............................................................

..............................................................

..............................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

..............................................................

..............................................................

..............................................................

## विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड

टिप्पणी :

**विद्यार्थी समूह**

| सीखने का स्तर 4 | सीखने का स्तर 5-6 | कक्षा स्तर पर (उपचारात्मक शिक्षण की आवश्यकता नहीं है) |
|---|---|---|
| | | |

# अनुक्रमणिका
# सत्र पर्यंत उपचारात्मक शिक्षण
# सीखने का स्तर - 4

U9V9D5


| क्र. सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मात्रा और संयुक्त वर्णों का प्रयोग कर कठिन शब्द लिख पाना। | 52 |
| 2. | शब्द समूह में शब्दों के अर्थ को समझ पाना। | 53 |
| 3. | क्रिया, काल, वचन और लिंग को समझना और उनका सही प्रयोग कर पाना। | 54 |
| 4. | संदर्भ में संबंधसूचक शब्दों का प्रयोग कर पाना। | 55 |
| 5. | **आकलन पत्रक-5** | 56 |
| 6. | प्रश्न पूछने की समझ बनाना। | 57 |
| 7. | संदर्भ में वाक्यों को सही ढंग से लिखना और क्रमबद्ध कर पाना। | 58 |
| 8. | क्रिया चित्रों को पहचानना और वाक्यों में प्रयोग कर पाना। | 59 |
| 9. | वाक्यों में क्रिया विशेषण को पढ़कर समझना और लिखना। | 60 |
| 10. | **आकलन पत्रक-6** | 61 |
| 11. | दिए गए संवादों को पढ़ना और दी गई जानकारी और तथ्यों का पता लगा पाना। | 62 |
| 12. | अनुच्छेद को पढ़कर उत्तर दे पाना। | 63 |
| 13. | कहानी द्वारा शब्दों के प्रासंगिक संदर्भ और अर्थ को समझ पाना। | 64 |
| 14. | कहानी को समझना, शब्दों के प्रासंगिक/संदर्भ अर्थ को पहचान पाना। | 65 |
| 15. | **आकलन पत्रक-7** | 66 |

## कार्यपत्रक-37

**दक्षता : मात्रा और संयुक्त वर्णों का प्रयोग कर कठिन शब्द लिख पाना।**

1. दी गई वर्ग पहेली में से शब्द छाँटकर लिखिए।

(क) ज्ञान
(ख) ....................
(ग) ....................
(घ) ....................
(ङ) ....................

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मु | द्र | क | इं | चि | मं |
| भा | फ | प्रां | ग् | त्र | त्री |
| ग् | ज्ञा | न | लैं | प्र | मू |
| य | क | ल | ड | जा | र्ख |
| ज्ञ | क्ष | मु | ख् | य | स |

(च) ....................
(छ) ....................
(ज) ....................
(झ) ....................
(ञ) ....................

2. दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

(क) परसिद्ध ..प्रसिद्ध.. (ख) समसया .................... (ग) परभावित ....................
(घ) किरषन .................... (ङ) सततू .................... (च) दिककत ....................
(छ) बुदधू .................... (ज) मंतरी .................... (झ) जिगयासा ....................

3. दिए गए शब्दों में ( ृ ) का प्रयोग कर शुद्ध शब्द लिखिए।

(क) कपा ..कृपा.. (ख) वक्ष .................... (ग) पष्ठ ....................
(घ) गह .................... (ङ) मग .................... (च) कपाण ....................
(छ) घणा .................... (ज) अमत .................... (झ) भगु ....................
(ञ) कषि .................... (ट) दढ़ .................... (ठ) कतज्ञ ....................

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।

(क) मुख्यालय ..प्रधान कार्यालय.. (ख) परीक्षा .................... (ग) ग्रामीण ....................
(घ) दुर्गम .................... (ङ) गंतव्य .................... (च) अदृश्य ....................
(छ) विस्तृत .................... (ज) महत्त्वपूर्ण .................... (झ) पर्यटक ....................

5. रेफ और रकार लगाकर शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

(क) गहण ..ग्रहण.. (ख) शत ..शर्त.. (ग) वक ....................
(घ) सूय .................... (ङ) गमी .................... (च) वत ....................
(छ) पतीक्षा .................... (ज) डामा .................... (झ) पयास ....................

☆ ☆ ☆ दिनांक .................... हस्ताक्षर शिक्षक: ....................

## कार्यपत्रक-38

**दक्षता : शब्द समूह में शब्दों के अर्थ को समझ पाना।**

1. दिए गए वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिए।

जैसे :– साल का पहला महीना। जनवरी

(क) हमारे पिताजी के पिता। ....................

(ख) जिस दिन स्कूल बंद रहता है। ....................

(ग) जहाँ चार रास्ते मिलते हैं। ....................

(घ) बारिश के बाद आसमान में सात रंगों का समूह। ....................

2. नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए।

जैसेः– छोटे भाई को कहते हैं।

(अ) अग्रज ☐ (ब) अनुज ☑ (स) बंधु ☐ (द) भैया ☐

(क) जहाँ अनाथ बच्चों को रखा जाता है।

(अ) पुस्तकालय ☐ (ब) हॉस्टल ☐ (स) अनाथालय ☐ (द) गृह ☐

(ख) तीन रंगों के मेल को कहते हैं।

(अ) सतरंगा ☐ (ब) तिरंगा ☐ (स) रंगीला ☐ (द) रंगीन ☐

(ग) जो मिट्टी के बर्तन बनाता है।

(अ) लकड़हारा ☐ (ब) कुम्हार ☐ (स) लुहार ☐ (द) जुलाहा ☐

(घ) मिठाई बनाने वाला –

(अ) बढ़ई ☐ (ब) राजमिस्त्री ☐ (स) बैरा ☐ (द) हलवाई ☐

3. दिए गए समूहवाची शब्दों के लिए उचित विकल्प चुनकर सही (✓) का निशान लगाइए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जैसेः– नोटों की | | गड्डी | ✓ | लच्छी | |
| (क) पर्वतों की | – | कड़ियाँ | | शृंखला | |
| (ख) फूलों का | – | टुकड़ी | | गुलदस्ता | |
| (ग) लोगों की | – | भीड़ | | जोड़ी | |
| (घ) भेड़ बकरियों का | – | टुकड़ी | | रेवड़ | |
| | | | | | |

 दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः .................................. ☆☆☆

## कार्यपत्रक-39

**दक्षता : क्रिया, काल, वचन और लिंग को समझना और उनका सही प्रयोग कर पाना।**

1. शब्दों के सही क्रिया रूप को काल के अनुसार खाली स्थान में भरिए।

| | |
|---|---|
| जैसेः– श्याम ने अपना पाठ याद <u>किया</u>। | (करना) |
| (क) पुलिस चोर को ...................................... और बंदी बनाएगी। | (खोजना) |
| (ख) आप क्या काम ..............................................................रहे हैं ? | (करना) |
| (ग) राजू बुद्धिमानी से काम ........................................................है। | (लेना) |

2. दिए गए वाक्य को काल और क्रिया के अनुसार पूरा कीजिए।
   - (क) मेरी बड़ी बहन स्कूल में <u>पढ़ती है</u>। (पढ़ता) (वर्तमान काल)
   - (ख) राजेश का कमरा बहुत ............................................। (छोटा) (भूतकाल)
   - (ग) मीरा नानी के घर .....................................................। (घूमना) (भविष्यत् काल)
   - (घ) पेड़ से फल ..............................................................। (गिरना) (भूतकाल)

3. दिए गए वाक्यों में लिंग के आधार पर क्रिया का प्रयोग करते हुए सही विकल्प चुनिए।
   - (क) हवा का तेज़ झोंका <u>आया</u>। (आया/आई)
   - (ख) बच्चे कभी झूठ नहीं .................................................। (बोलते/बोलने)
   - (ग) गिलास नीचे गिरकर टूट ...............................................। (गया/गई)
   - (घ) हमने मोमबत्ती ..........................................................। (जलाई/जलाया)

4. दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों को वचन के आधार पर प्रयोग करते हुए सही विकल्प चुनिए।
   - (क) फूल खिल <u>रहे हैं</u>। (रहा है/रहे हैं)
   - (ख) राधा स्कूल जा ..........................................................। (रही है/रहा है)
   - (ग) अध्यापिका ने कॉपियाँ ................................................। (बाँटा/बाँटीं)
   - (घ) लड़के ने रोटियाँ .........................................................। (खायीं/खाया)
   - (ङ) मेरी बेटी नृत्य ...........................................................। (करते हैं/करती है)

5. दिए गए वाक्यों में क्रिया के अनुसार लिंग, वचन और काल को बदलकर सही वाक्य लिखिए।
   - (क) वह स्कूल जा रहा है। ........................................... (स्त्रीलिंग)
   - (ख) मैं जाता हूँ। ........................................... (बहुवचन)
   - (ग) यह अच्छा गाना गाती है। ........................................... (पुल्लिंग)
   - (घ) हम लोग घूमने गए। ........................................... (एक वचन)
   - (ङ) कल जयपुर जाना है। ........................................... (भूतकाल)

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ................................

## कार्यपत्रक-40

**दक्षता : संदर्भ में संबंधसूचक शब्दों का प्रयोग कर पाना।**

1. रिक्त स्थानों में उचित संबंधबोधक शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।

| की अपेक्षा | के द्वारा | के किनारे | के संग | के ऊपर |
|---|---|---|---|---|

(क) छत ........................................ मुर्गा बैठा है।

(ख) नदी ........................................ साधु की कुटिया है।

(ग) मोहिनी अपने भाई ........................................ स्कूल जाती है।

(घ) मुझे सेब ........................................ आम पसंद है।

2. दो वाक्यों को जोड़कर वाक्य बनाइए।

(क) साहिल थक गया था। वह सो गया है। ........................................

(ख) यह हिंदी की पुस्तक है। मुझे यह पसंद है। ........................................

(ग) वह बहुत तेज़ चली। वह घर जल्दी पहुँची। ........................................

(घ) आज बहुत बारिश हो रही है। ओले भी पड़े हैं। ........................................

3. दिए गए खाली स्थानों में उचित अव्यय शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।

(क) श्रुति ........................................ नेहा पढ़ रहीं थी।

(ख) परिश्रम से पढ़ाई करो ........................................ परीक्षा में सफल हो सको।

(ग) राम तो आया ........................................ श्याम नहीं आया।

(घ) जब सर्दी पड़ती है ........................................ गरम कपड़े पहनते हैं।

4. वाक्यों में दिए गए संबंधबोधक शब्द छाँटकर लिखिए।

जैसे :– प्यास <u>के मारे</u> बुरा हाल है। .................... के मारे ....................

(क) मेरा घर मंदिर के पास है। ........................................

(ख) मैं गोपाल के बिना नहीं जाऊँगा। ........................................

(ग) राम के आगे मैं खड़ा हूँ। ........................................



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

# आकलन पत्रक-5

1. दिए गए शब्दों में सही मात्रा का प्रयोग करके शब्द दोबारा लिखिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पूस्तक | – | ............................ | (ख) | कहानि | – | ............................ |
| (ग) | भितर | – | ............................ | (घ) | चौर | – | ............................ |
| (ङ.) | बातचित | – | ............................ | (च) | ऐनक | – | ............................ |

2. दिए गए शब्दों में से संयुक्त वर्ण ढूँढ़कर लिखिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | जिज्ञासा | – | ............................ | (ख) | प्रयोग | – | ............................ |
| (ग) | दुर्गम | – | ............................ | (घ) | श्रम | – | ............................ |
| (ङ.) | क्षमा | – | ............................ | (च) | मंत्री | – | ............................ |

3. नीचे दिए गए शब्द समूह के लिए उपयुक्त एक शब्द पर (✓) का निशान लगाइए।

(क) माता का भाई – चाचा / मामा

(ख) खाना बनाने की जगह – रसोईघर / अस्पताल

(ग) जल में रहने वाले – जलचर / थलचर

(घ) छोटा भाई – अग्रज / अनुज

4. दिए गए वाक्यों को निम्नलिखित काल, वचन और लिंग के अनुसार परिवर्तित कर लिखिए।

(क) वे आज जयपुर आ रहे हैं। (एकवचन, भूतकाल)

..................................................................................................

(ख) लड़का विद्यालय गया। (भविष्यत्काल, स्त्रीलिंग)

..................................................................................................

5. दिए गए वाक्यों को सही क्रिया के अनुसार पूरा कीजिए।

(क) मैं रोजाना दंतमंजन ...................... हूँ। (करती / करते)

(ख) हम बाजार ................................ । (जाएँगे / जाएगा)

6. दिए गए वाक्यों (उत्तरों) हेतु प्रश्न निर्माण कीजिए।

(क) ........................................................................... ?

मेरे पिता जी का नाम श्याम है।

(ख) ........................................................................... ?

ममता सुबह 6:00 बजे उठती है।

(ग) ........................................................................... ?

तिरंगे में सबसे नीचे हरा रंग है।

☆☆☆

**टिप्पणी :** ..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................... **हस्ताक्षर शिक्षक :** ...................

## कार्यपत्रक-41

### दक्षता : प्रश्न पूछने की समझ बनाना।

1. दिए गए उत्तरों के लिए प्रश्न बनाइए।

   जैसेः– मीरा के जन्मदिन पर उसे दो खिलौने मिले।

   प्रश्न : मीरा के जन्मदिन पर उसे कितने खिलौने मिले ?

   (क) उत्तर : रोहन को छोड़कर सभी बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

   प्रश्न : ........................................................................................................?

   (ख) उत्तर : मेरे घर के बाहर एक खेल का मैदान है।

   प्रश्न : ........................................................................................................?

   (ग) उत्तर : मैं इस कपड़े के पाँच सौ रुपये लूँगा।

   प्रश्न : ........................................................................................................?

2. दिए गए वाक्यों में शब्दों के क्रम को ठीक करते हुए प्रश्न बनाइए।

   जैसे : कहाँ हो जा तुम रहे ?

   प्रश्न : तुम कहाँ जा रहे हो ?

   (क) तुम चाय या कॉफी क्या पियोगी ?

   प्रश्न : ........................................................................................................?

   (ख) बांग मुर्गा दे रहा है क्या ?

   प्रश्न : ........................................................................................................?

   (ग) आपने उसके क्या देखा था मुझे साथ ?

   प्रश्न : ........................................................................................................?

3. दिए गए वाक्यों में उचित विकल्प लिखकर प्रश्न बनाइए।

   जैसे : वह ........................................ जा रहा है ? (यहाँ / कहाँ)

   प्रश्न : वह कहाँ जा रहा है ?

   (क) ................................................ तुम कल आगरा जा रहे हो ? (क्या / कहाँ)

   (ख) तुम यहाँ ........................................................ रुक रहे हो ? (क्या / क्यों)

   (ग) ........................................................ आपका घर जयपुर में है ? (कहाँ / क्या)

   (घ) तुम्हारा घर ........................................................................है ? (क्यों / कहाँ)

   (ङ) तुम स्कूल ........................................................................जाओगे ? (क्यों / कब)

 दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ................................ ☆☆☆

## कार्यपत्रक-42

**दक्षता : संदर्भ में वाक्यों को सही ढंग से लिखना और क्रमबद्ध कर पाना।**

1. निम्नलिखित शब्द समूह का क्रम ठीक करके दोबारा लिखिए।

(क) पौधा माली है लगा रहा। ......माली पौधा लगा रहा है।......

(ख) मुझे है खाना आम यह। ..........................................

(ग) चहचहा है रही चिड़िया। ..........................................

(घ) विद्यालय छुट्टी की कल है। ..........................................

(ङ) असहाय मदद चाहिए की करनी। ..........................................

2. दिए गए वाक्यों को पढ़िए और बताइए, वाक्य शुद्ध है या अशुद्ध ?

(क) दही बहुत खट्टा है। .............................. (शुद्ध वाक्य, अशुद्ध वाक्य)

(ख) गई सूख है रूमाल। .............................. (शुद्ध वाक्य, अशुद्ध वाक्य)

(ग) हाथी आ रहा है झूमता। ..............................(शुद्ध वाक्य, अशुद्ध वाक्य)

(घ) यहाँ से अनेक गाड़ी गुजरती है। ..............................(शुद्ध वाक्य, अशुद्ध वाक्य)

(ङ) क्या यह सारी पुस्तकें मुझे पढ़नी है ? ..............................(शुद्ध वाक्य, अशुद्ध वाक्य)

3. निम्न अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए।

(क) मुझे ग्रीष्म ऋतु अच्छा नहीं लगता।..........................................

(ख) मैंने आपके लिए फल लाए हैं। ..........................................

(ग) आकाश पर बादल गरज रहे हैं। ..........................................

(घ) फूलों पर तितली मँडरा रही हैं। ..........................................

4. संवाद को अपने शब्दों में पूरा कीजिए।

माली : अरे बच्चो, आप लोग क्या कर रहे हैं ?

एक बच्चा : हम क्या करें ? हमारा पत्थर आम को तो लगता नहीं दूसरी जगह गिर जाता है।

..........................................................................................

..........................................................................................

☆ ☆ ☆ दिनांक .......................... हस्ताक्षर शिक्षकः ..........................

## कार्यपत्रक-43

**दक्षता : क्रिया चित्रों को पहचानना और वाक्यों में प्रयोग कर पाना।**

1. चित्र को देखकर सही क्रियाशब्दों वाले वाक्य पर सही (✓) का निशान लगाइए।

(क) 

(क) रोहन पढ़ रहा है।
(ख) रोहन खेल रहा है।

..........................................................................................

(ख) 

(क) बच्चा बारिश में नहा रहा है।
(ख) बच्चा धूप का आनंद ले रहा है।

..........................................................................................

(ग) 

(क) सर्दी से बच्चा काँप रहा है।
(ख) सर्दी से बच्चा ताप रहा है।

..........................................................................................

(घ) 

(क) आकाश सितार बजा रहा है।
(ख) आकाश तबला बजा रहा है।

..........................................................................................

2. दिए गए चित्र को ध्यान से देखते हुए क्रिया से संबंधित एक–एक वाक्य बनाइए।

जैसे:–  बगीचे में मोर नाच रहा है।

(क)  ..........................................................................................

(ख)  ..........................................................................................

(ग)  ..........................................................................................

(घ)  ..........................................................................................

3. संज्ञा से क्रिया का मिलान कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) दुख | खेलाना | (क) जीत | रुलाई |
| (ख) लोभ | दुखाना | (ख) धोना | पढ़ना |
| (ग) झूठ | थरथराना | (ग) चल | चलना |
| (घ) खेल | लुभाना | (घ) रोना | धुलाई |
| (ङ) थर–थर | झुठलाना | (ङ) पढ़ाई | जीतना |



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

## कार्यपत्रक-44

**दक्षता : वाक्यों में क्रिया विशेषण को पढ़कर समझना और लिखना।**

1. दिए गए वाक्यों की क्रियाओं के सामने विशेषण लिखकर वाक्य को दोबारा लिखिए।

(क) बच्चा दूध पीता है। ........बच्चा मीठा दूध पीता है।........

(ख) गाय घास चरती है। ..........................................

(ग) वह गाता है। ..........................................

(घ) नदी बहती है। ..........................................

2. दिए गए क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए।

(क) गाती <u>कोयल सुरीला गाती है।</u>

(ख) उठता ..........................................

(ग) हँस ..........................................

(घ) लिखा ..........................................

(ङ) देखता ..........................................

3. क्रिया विशेषण छाँटिए।

| वाक्य | क्रिया विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|
| जैसे – <u>बादल ज़ोर से गरज रहा है</u>। | ज़ोर से | गरज़ रहा है। |
| (क) तुम कहाँ जा रहे हो ? | .................... | .................... |
| (ख) चोर चुपके से भाग गया। | .................... | .................... |
| (ग) वह खिलखिला कर हँस दिया। | .................... | .................... |

4. अकर्मक क्रिया में कर्म नहीं होता, जैसे – लड़का पढ़ता है।

सकर्मक क्रिया में कर्म होता है, जैसे – लड़का पुस्तक पढ़ता है।

बताएँ इन वाक्यों में कौन–सी क्रिया अकर्मक है और कौन–सी सकर्मक।

(क) ऋचा चित्र बना रही है। ..........................................

(ख) मनु पानी भरता है। ..........................................

(ग) नवीन दौड़ता है। ..........................................

(घ) मैं गाता हूँ। ..........................................

# आकलन पत्रक-6

1. दिए गए अव्यय शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।
   (क) किंतु ..................................................
   (ख) परंतु ..................................................
   (ग) इसलिए ..................................................
   (घ) अथवा ..................................................
   (ङ) बल्कि ..................................................

2. दिए गए वाक्यों में से संबंधबोधक शब्दों को छाँटकर लिखिए।
   (क) सड़क के दोनों ओर पेड़ लगे हैं। ..................................................
   (ख) गाँव के पास एक तालाब है। ..................................................
   (ग) रमन के अलावा मुझे यहाँ कोई नहीं जानता। ..................................................
   (घ) खिड़की से बाहर मत झाँको। ..................................................

3. दी गई क्रियाओं का वाक्य में प्रयोग कीजिए।
   (क) लिखना ..................................................
   (ख) घूमना ..................................................
   (ग) चलना ..................................................
   (घ) पढ़ना ..................................................

4. दिए गए वाक्यों में से क्रिया विशेषण व क्रिया अलग–अलग करके लिखिए।

| वाक्य | क्रिया विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|
| (क) कोयल मधुर गाती है। | .................................. | .................................. |
| (ख) खूब पढ़ो, ताकि प्रथम आ सको। | .................................. | .................................. |
| (ग) मेरे पिताजी कल लौटेंगे। | .................................. | .................................. |

5. वाक्य संरचना के अनुसार वाक्यों को सार्थक रूप में लिखिए।
   (क) हमारा पेड़–पौधों पर जीवन आधारित है। ..................................................
   (ख) वाह! फूल यह कितना सुंदर है। ..................................................
   (ग) पिताजी क्या उठा बाहर से लाए। ..................................................
   (घ) गौरैया चहचहा रही थी पेड़ पर। ..................................................

**टिप्पणी :** ..................................................
..................................................
.................................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ....................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-45

**दक्षता: दिए गए संवादों को पढ़ना और दी गई जानकारी और तथ्यों का पता लगा पाना।**

नीचे दिए गए वार्तालाप को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**अमन और श्रवण के बीच की बातचीत –**

अमन : नमस्ते, श्रवण।

श्रवण : नमस्ते, अमन। क्या तुम एक समस्या हल करने में मेरी मदद करोगे ?

अमन : हाँ–हाँ क्यों नहीं, बताओ क्या बात है ?

श्रवण : पिछली रात जब मेरा कुत्ता भौंक रहा था, तो दो चोरों ने मेरे आँगन का दरवाज़ा तोड़ा और मेरी बकरी चुरा ले गए।

अमन : पुलिस चौकी में मेरे मामा जी हवलदार हैं। मैं उन्हें इस बारे में बताऊँगा।

(वह पुलिस चौकी गया और मामा जी जो कि हवलदार थे, उनको यह बताया।)

अमन : मामा जी मैं अपने मित्र की एक समस्या लेकर आया हूँ। कल रात जब, कुत्ते भौंक रहे थे तो दो चोर आए और बकरी तोड़ कर उसका दरवाज़ा चुरा ले गए।

(अमन के मामा जी ने उसे घूरकर देखा और फिर ज़ोर से हँसने लगे।)

1. अमन ने जिस तरह से अपनी बात पुलिस को बतायी, उसका मतलब –
   (क) वह हकलाने लगा और शब्दों को दोहराने लगा। ☐
   (ख) उसने अपने मित्र को परेशान करने के लिए जान बूझकर गलत बातें कहीं। ☐
   (ग) वह शब्दों में उलझ गया और उसने पुलिस को गलत बात बतायी। ☐
2. इस संवाद में समस्या शब्द का क्या मतलब है ?
   (क) मुश्किल में फँसना ☐ (ख) कठिन काम ☐
   (ग) छुटकारा पाना ☐ (घ) कठिन प्रश्न ☐
3. चोर क्या ले गए ?
   (क) मोर (ख) बकरी (ग) दरवाज़ा (घ) भैंस
4. दिए गए शब्दों का अर्थ लिखिए।
   (क) दरवाज़ा (ख) मदद (ग) हल (घ) नमस्ते
5. पुलिस हमारी कैसे सहायता कर सकती है ? लिखिए।
   उत्तर ..........................................................................
   ..........................................................................
   ..........................................................................

☆☆☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

## कार्यपत्रक-46

**दक्षता : अनुच्छेद को पढ़कर उत्तर दे पाना।**

दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चित्तौड़गढ शूरवीरों का शहर है जो पहाड़ी पर बने दुर्ग के लिए प्रसिद्ध है। उत्तर भारत के सबसे महत्त्वपूर्ण किलों में से एक चित्तौड़गढ़ का किला राजपूतों के साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक है। चित्तौड़गढ़ का यह किला राजपूतों की वीरता तथा नारी के अद्वितीय साहस की ढेर सारी कहानियों का गवाह है। चित्तौड़गढ़ मेवाड़ की राजधानी थी। चित्तौड़गढ़ के दुर्ग को विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया है। इसे सभी दुर्गों का सिरमौर भी कहा जाता है। यह किला बेड़च नदी के किनारे बना है। दुनिया भर से लोग यहाँ के किलों को देखने के लिए आते हैं।

1. चित्तौड़गढ़ किस लिए प्रसिद्ध है ?

   उत्तर ........................................................................................

2. चित्तौड़गढ़ का किला कौन–सी नदी के किनारे स्थित है ?

   उत्तर ........................................................................................

3. चित्तौड़गढ़ भारत के किस राज्य में है ?

   उत्तर ........................................................................................

4. अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

   (क) साहस ........................................................................

   (ख) बलिदान ........................................................................

   (ग) शूरवीर ........................................................................

   (घ) विश्व ........................................................................

5. चित्तौड़गढ़ का किला किसका प्रतीक है ?

   उत्तर ........................................................................................

   ........................................................................................

   ........................................................................................

6. दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।

   (क) साहस .......................... (ख) अद्वितीय ...................... (ग) सिरमौर ..................

7. भारत के प्रसिद्ध किलों के नाम और वह किला कहाँ स्थित है ? लिखिए।

   (क) ................................ (ख) ................................ (ग) ................................

   ................................ ................................ ................................



दिनांक ......................... हस्ताक्षर शिक्षक: ................................. ☆☆☆

## कार्यपत्रक-47

**दक्षता : कहानी द्वारा शब्दों के प्रासंगिक संदर्भ और अर्थ को समझ पाना।**

दी गई कहानी को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक धनी ज़मींदार बहुत बीमार था। उसने अपने तीनों पुत्रों से कहा कि उसकी मृत्यु के बाद वे उसके बिस्तर के नीचे खुदाई करें। इसके बाद जल्द ही उसकी मृत्यु हो गई। कुछ दिनों बाद उसके पुत्रों ने उस स्थान की खुदाई शुरू की । खुदाई से एक के ऊपर एक रखे तीन पात्र निकले। सबसे ऊपर वाले में मिट्टी, बीच में सूखा गाय का गोबर और नीचे के पात्र में भूसा भरा था। सबसे नीचे एक चाँदी का सिक्का था। भाइयों को कुछ समझ में नहीं आया। सबसे बड़े भाई ने कहा "पिता जी पात्रों में रखी चीज़ों के द्वारा हमसे कुछ कहना चाहते थे।" उन्होंने बहुत सोचा परन्तु उनमें से कोई भी इस समस्या को सुलझा नहीं पाया। अंत में उन्होंने अपने डॉक्टर, जो कि उनके पारिवारिक मित्र भी थे, उन्हें यह उलझन बताने का निर्णय लिया, जब भाइयों ने यह समस्या मित्र डॉक्टर साहब के सामने रखी तो वे हँसने लगे। उन्होंने कहा, "इसका अर्थ बहुत आसान है। तुम कहते हो कि सबसे ऊपर वाले पात्र में मिट्टी है। इसका मतलब वह सबसे बड़े पुत्र को खेती देना चाहते थे। दूसरे पात्र में गाय का गोबर है। इसका मतलब हुआ कि वह दूसरे को पशुओं का झुंड देना चाहते थे। आखिरी पात्र में भूसा है। भूसा सुनहरे रंग का होता है। इसका अर्थ है कि वे अपने सबसे छोटे पुत्र को सारा सोना देना चाहते थे।"

सबसे छोटे भाई ने कहा "पर एक बात समझ में नहीं आई कि पात्रों के नीचे चाँदी का सिक्का क्यों था? डॉक्टर ने मुस्कुराते हुए कहा "तुम्हारे पिता जानते थे कि तुम मेरे पास पूछने आओगे। इसलिए यह सिक्का मेरा इनाम है।"

1. "तीन पात्र" के अलावा इनमें से कौन–सा शीर्षक इस कहानी के लिए सबसे उपयुक्त है ?
   - (अ) पुत्रों का झगड़ा ☐
   - (स) बुद्धिमान पिता ☐
   - (ब) डॉक्टर का उपहार ☐
   - (द) लालची ज़मींदार ☐
2. "दूसरे पुत्र को पशुओं का झुंड देना चाहते थे।"
   - (अ) बीच वाले भाई के लिए ☐
   - (स) सबसे बड़े भाई के लिए ☐
   - (ब) डॉक्टर के लिए ☐
   - (द) सबसे छोटे भाई के लिए ☐
3. "जब भाइयों ने यह समस्या डॉक्टर के सामने <u>रखी</u> तो वह हँसने लगे।" 'रखी' शब्द का उपयोग जिस तरह इस वाक्य में किया गया है उसका अर्थ इनमें से किससे मिलता–जुलता है ?
   - (अ) एकत्र की ☐
   - (स) लिखकर दी ☐
   - (ब) हल की ☐
   - (द) प्रस्तुत की ☐
4. सबसे नीचे वाले पात्र में ........................................................ ।
   - (अ) चाँदी का सिक्का था। ☐
   - (स) खेत की मिट्टी थी। ☐
   - (ब) गेहूँ के दाने थे। ☐
   - (द) अनाज के सूखे हुए तिनके थे। ☐

☆ ☆ ☆ दिनांक .........................  हस्ताक्षर शिक्षकः ..................................

## कार्यपत्रक-48

**दक्षता : कहानी को समझना, शब्दों के प्रासंगिक/संदर्भ अर्थ को पहचान पाना।**

तेनालीराम की चतुराई के बारे में अनेक कहानियाँ प्रसिद्ध हैं। कहा जाता है कि एक बार राजा कृष्णदेव राय किसी कारण तेनालीराम से नाराज़ हो गए। उन्होंने तेनालीराम को दरबार में बुलाया और क्रोध भरे स्वर में कहा–"तेनालीराम, तुम दरबार से चले जाओ और अब मुझे अपना मुँह न दिखाना।" अगले ही दिन तेनालीराम दरबार में उपस्थित हुए , लेकिन उनका मुँह नकली चेहरे से ढँका हुआ था। उन्हें देखकर सभी दरबारी हँसने लगे। राजा की भी दृष्टि उस पर गई, तो वे नाराज़ होकर बोले "मैने तुम्हें मुँह न दिखाने का आदेश दिया था, फिर भी तुम आ गए।" यह सुनकर तेनालीराम ने नम्रतापूर्वक कहा–"महाराज, मैंने तो आपके आदेश का पूरा–पूरा पालन किया है। यह देखिए, मुँह पर नकली चेहरा लगाकर आया हूँ, जिससे आप मेरा मुँह न देख सकें।" यह सुनकर सभी दरबारी खिलखिलाकर हँस पड़े। राजा भी अपनी हँसी को नहीं रोक पाए और उनका क्रोध शांत हो गया।

1. तेनालीराम किस राजा के दरबार में थे ?

   (क) अकबर (ख) अशोक (ग) उदय सिंह (घ) कृष्णदेव राय

2. राजा ने तेनालीराम से क्या व क्यों कहा ?

   उत्तर ____________________________________________

   ____________________________________________

3. तेनालीराम दरबार में किस वेश में आये ?

   (क) कपड़े से मुँह को छुपा कर (ख) मुँह को नकली चेहरे से ढँक कर

   (ग) हाथों से मुँह ढँक कर (घ) इनमें से कोई नहीं।

4. "अपना मुँह न दिखाना"

   यह वाक्य किसने कहा ? किस से कहा ?

   उत्तर ____________________________________________

   ____________________________________________

5. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।

   (क) चतुर ______________ (ख) नाराज़ ______________

   (ग) दृष्टि ______________ (घ) आदेश ______________

   (ड़) क्रोध ______________ (च) नम्र ______________



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

# आकलन पत्रक-7

कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक किसान के चार बेटे थे – तंदुरुस्त, लेकिन निकम्मे। दिनभर आवारागर्दी करते, कोई काम नहीं करते थे। एक बार किसान बीमार पड़ा। उसने बेटों को बुलाकर कहा "मैं अब नहीं बचूँगा। तुम लोग मेरी मृत्यु के बाद ज़मीन में गड़ा धन निकाल लेना।" जल्दी ही वह चल बसा। चारों बेटों ने पूरा खेत खोद डाला। मगर कुछ हाथ न लगा। वे बहुत निराश हुए। तभी एक ने कहा गेहूँ बो देते हैं।" उस साल बहुत अच्छी फसल हुई और उन्हें अच्छा लाभ मिला, अब वे समझ गए की मेहनत ही धन है।

1. सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए।

(क) निकम्मे शब्द का क्या अर्थ निकलता है ?

(अ) कम अकल वाला। ☐

(ब) जो किसी काम का नहीं, बेकार। ☐

(ख) 'चल बसा' का क्या अर्थ है ?

(अ) जा कर दूसरी जगह बस गया। ☐

(ब) उसकी मृत्यु हो गई। ☐

(ग) किसान ने मरते समय अपने बेटों से क्या कहा था ?

उत्तर ..............................................................................................................

..............................................................................................................

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

अर्थ .............................. आशा .............................. जल्दी ..............................

मृत्यु .............................. बीमार .............................. अच्छा ..............................

3. दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।

(अ) कुछ हाथ न लगना।

..............................................................................................................

(ब) खून पसीना एक करना।

..............................................................................................................

(स) हाथ कंगन को आरसी क्या।

..............................................................................................................

(द) आस्तीन का साँप।

..............................................................................................................

☆☆☆

**टिप्पणी :** ..............................................................................................................

..............................................................................................................

.............................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ...................

# अनुक्रमणिका
## सत्र पर्यंत उपचारात्मक शिक्षण
## सीखने का स्तर - 5-6


| क्र. सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | संदर्भ में संज्ञा शब्दों को लिख पाना। | 68 |
| 2. | दिए गए संवादों को पढ़ सकना और दी गई जानकारी और तथ्यों का पता लगा पाना। | 69 |
| 3. | कहानी पढ़कर तुलनाओं के आधार पर निष्कर्ष निकाल पाना। | 70 |
| 4. | **आकलन पत्रक–8** | 71 |
| 5. | दिए गए अनुच्छेद को पढ़ सकना और दी गई जानकारी और तथ्यों का पता लगा पाना | 72 |
| 6. | कहानी द्वारा शब्दों के प्रासंगिक संदर्भ और अर्थ को समझ पाना। | 73 |
| 7. | कहानी को पढ़कर पात्रों की भावनाओं का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाल पाना। | 74 |
| 8. | कहानियों को पढ़ कर विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाल पाना। | 75 |
| 9. | **आकलन पत्रक–9** | 76 |
| 10. | प्रामाणिक सामग्री पढ़कर परिस्थितियों का विश्लेषण कर पाना। | 77 |
| 11. | कहानियों को पढ़ कर पात्रों की भावनाओं का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाल पाना। | 78 |
| 12. | प्रामाणिक सामग्री पढ़कर परिस्थितियों का विश्लेषण कर पाना। | 79–80 |
| 13. | **आकलन पत्रक–10** | 81 |
| 14. | शब्द समूह में शब्दों के अर्थ को समझ पाना। | 82 |
| | **गतिविधि – व्यंजन के भेद** | 83 |
| 15. | क्रिया विशेषण को समझ कर प्रयोग कर पाना। | 84 |
| 16. | लिंग तथा वचन युक्त शब्दों की पहचान कर पाना। | 85 |
| 17. | वाक्यों में क्रिया–काल का पढ़कर समझना और लिखना। | 86 |
| 18. | **आकलन पत्रक–11** | 87 |
| 19. | छोटी कहानियों के तथ्यों को पढ़ पाना और याद कर पाना। | 88 |
| 20. | छोटी कहानियों के तथ्यों को याद करना और पढ़ पाना। | 89 |
| 21. | कहानी से पात्रों की भावनाओं के बारे में निष्कर्ष निकालना और विश्लेषण कर पाना। | 90–91 |
| 22. | संदर्भ में संज्ञा शब्दों को लिख पाना। | 92 |
| 23. | प्रश्न पूछने की समझ बना पाना। | 93 |
| 24. | **आकलन पत्रक–12** | 94 |
| 25. | **समग्र मूल्यांकन** | 95–99 |




दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

कार्यपत्रक-49

**दक्षता : संदर्भ में संज्ञा शब्दों को लिख पाना।**

1. निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए शब्दों के आधार पर पूरा कीजिए।

   (क) मुझे उसकी ..................................पर गर्व है। (बहादुर)

   (ख) .................................. मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है। (नम्र)

   (ग) दोनों भाई पढ़ने–लिखने में .............................. हैं। (मेहनत)

   (घ) .............................. जीवन में दृढ़ता लाती है। (ईमान)

   (ङ) यह काम मैं .............................. से कर लूँगी। (सहज)

   (च) बादलों की .................................. सुनकर मोर नाचने लगा। (गरजना)

2. 'संज्ञा' का संदर्भ समझकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

   (क) .............................. तालाब में उगता है। (कमल / कलम)

   (ख) गंगा नदी........................से निकलती है। (धरती / हिमालय)

   (ग) अंगूर में ..............................होती है। (मिठास / कड़वाहट)

   (घ) .......................दिल्ली की प्रसिद्ध इमारत है। (ताजमहल / कुतुबमीनार)

3. दी गई व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्दों से वाक्य बनाइए।

   (क) <u>व्यक्तिवाचक संज्ञा</u> – <u>गंगा</u> – गंगा गंगोत्री से निकलती है।

   फुटबॉल – ..............................................................................

   जापान – ..............................................................................

   (ख) <u>जातिवाचक संज्ञा</u> – <u>शहर</u> – इंदौर साफ–सुथरा शहर है।

   बगीचा – ..............................................................................

   लड़के – ..............................................................................

   (ग) <u>भाववाचक संज्ञा</u> – <u>खुशी</u> – मयंक खुशी के मारे फूला न समाया।

   सर्दी – ..............................................................................

   बचपन – ..............................................................................

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ..................................

## कार्यपत्रक-50

**दक्षता : दिए गए संवादों को पढ़ सकना और दी गई जानकारी और तथ्यों का पता लगा पाना।**

दिए गए संवाद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| पवन | – | तुम्हारी दीवाली की कितनी छुट्टियाँ हैं? |
| समीर | – | हमारी एक सप्ताह की छुट्टियाँ हैं। |
| पवन | – | तब तो बड़ा मज़ा आएगा तुम्हें। |
| समीर | – | इस बार मैं खूब पटाखे खरीदूँगा। |
| पवन | – | मैं बिलकुल पटाखें नहीं चलाऊँगा। |
| समीर | – | पर क्यों? |
| पवन | – | पटाखों से प्रदूषण फ़ैलता है। |
| समीर | – | पटाखों के बिना दीवाली का मज़ा ही क्या? |
| पवन | – | पटाखों से निकलने वाला धुआँ हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है। |
| समीर | – | वैसे मेरे दादा जी को भी पटाखे पसंद नहीं। पटाखों से साँस और आँख की बीमारियाँ बढ़ जाती हैं। |
| पवन | – | जब तू सब जानता है तो.......... |
| समीर | – | ठीक है मैं भी इस साल पटाखे नहीं चलाऊँगा। |

1. आप सब दीवाली कैसे मनाते हैं?

   उत्तर ..........................................................................................................

   ..........................................................................................................

2. प्रदूषण क्या है?

   उत्तर ..........................................................................................................

   ..........................................................................................................

3. पटाखे बड़े–बूढ़े और बीमार लोगों को कैसे–कैसे प्रभावित करते हैं?

   उत्तर ..........................................................................................................

   ..........................................................................................................

4. कौन–कौन से प्रदूषण से हम और हमारी धरती प्रभावित हो रही है?

   उत्तर ..........................................................................................................

   ..........................................................................................................

   ..........................................................................................................



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-51

**दक्षता : कहानी पढ़कर तुलनाओं के आधार पर निष्कर्ष निकाल पाना।**

हम पुराने शहर में बनी ऐतिहासिक हवेलियों को देखने के लिए हम भूल—भुलैया जैसी गलियों में पहुँचे। गाइड के मार्गदर्शन में बढ़ते हुए हमने भी पटवों की हवेली, सालम सिंह की हवेली और नथमल की हवेली देखी। ये हवेलियाँ करीब 300 साल पुरानी हैं। ये हवेलियाँ देखने में अद्‌भुत हैं। ये हवेलियाँ गर्मियों में ठंडी और जाड़ों में गरम रहती हैं।

1. किलों और हवेलियों में क्या अंतर है ?
   उत्तर ..........................................................................................
   ..........................................................................................
2. अधिकतर हवेलियाँ पुराने शहरों में ही बनाई गई हैं, क्यों ?
   उत्तर ..........................................................................................
   ..........................................................................................
3. ऐसा क्यों होता है कि हवेलियाँ गर्मियों में ठंडी और जाड़ों में गर्म रहती हैं ?
   उत्तर ..........................................................................................
   ..........................................................................................
4. गाइड का कार्य होता है—
   (क) पढ़ाना ☐
   (ख) मार्ग दर्शन करना ☐
   (ग) हवेली बनवाना ☐
5. पुराने शहर की हवेलियाँ कितनी पुरानी थी ?
   (क) 100 वर्ष ☐
   (ख) 200 वर्ष ☐
   (ग) 300 वर्ष ☐
6. 'ऐतिहासिक' शब्द का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।
   उत्तर ..........................................................................................
   ..........................................................................................
7. दिए गए अनुच्छेद को संकेतों द्‌वारा पूरा कीजिए।

   | घोंसला, पेड़, गाना, मजे, गौरैया, घर, रोशनदान, एक |
   |---|

   एक दिन दो ...................... सीधी ................. के अंदर घुस गई। और ............... पर जा बैठी। दोनों बड़े ................. से ................... गा रहीं थीं। ............... ने नीचे देखा और चीं—चीं करने लगी। वह उड़कर .............. पर जा बैठी। जहाँ उसका ..................... था।

## आकलन पत्रक-8

1. दिए गए संज्ञा शब्दों से वाक्य पूरा कीजिए।

   (क) जयपुर .................................... की राजधानी है। (बिहार / राजस्थान)

   (ख) फूलों पर .................................... मंडराते हैं। (कबूतर / भँवरे)

   (ग) हमारा राष्ट्रीय फूल .................................. है। (गुलाब / कमल)

   (घ) माली ................................. में फूल उगाता है। (सड़क / बगीचे)

2. उचित विकल्प द्वारा वाक्य पूरा कीजिए।

   (क) वह रास्ते से ही लौट आया .................................... उसे माँ ने बुला लिया।

   (अ) और (ब) बल्कि (स) क्योंकि (द) इसलिए

   (ख) मीनू ने खाना खाया ................................ सो गई।

   (अ) तथा (ब) और (स) अथवा (द) इसलिए

3. दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदल कर वाक्यों को पूरा कीजिए।

   (क) उसे हर काम में ................................ मिल रही है। (सफल)

   (ख) शहद की .............................. कम नहीं होती। (मीठा)

   (ग) ......................... मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। (आलस)

   (घ) वहाँ उसकी ......................... नहीं चलेगी। (चतुर)

4. दिए गए वाक्यों का विश्लेषण करें व सही विकल्प को चुनिए।

   (क) विद्यालय में वार्षिक उत्सव होता है। (साल में एक बार / साल में दो बार)

   (ख) जानवर पिंजरों में बंद हैं। (चिड़ियाघर में / जंगल में)

   (ग) चारों तरफ फल और सब्जियाँ बिक रही हैं। (बाज़ार में / स्टेडियम में)

5. सही क्रिया शब्द से वाक्यों को पूरा कीजिए।

   (क) माता जी ने फल ............................................। (खरीदा / खरीदे)

   (ख) बच्चे खुशी से .......................................... लगे। (नाचते / नाचने)

   (ग) आकाश में पक्षी ...................................... रहे हैं। (उड़ते / उड़)

   (घ) पिताजी समाचार–पत्र .......................... रहे हैं। (पढ़ते / पढ़)

**टिप्पणी :** ...........................................................................................
...........................................................................................................
.................................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ...................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-52

**दक्षता : दिए गए अनुच्छेद को पढ़ सकना और दी गई जानकारी और तथ्यों का पता लगा पाना।**

शिमला के मालरोड़ पर जनरल पोस्ट ऑफ़िस है। उसी पोस्ट ऑफ़िस के एक कमरे में डाक छाँटने का काम चल रहा है। सुबह के 9.00 बजे हैं, खिड़की से गुनगुनी धूप छनकर आ रही है। इस धूप का मज़ा लेते हुए दो पैकर्स और तीन महिला डाकिया फटाफट डाक छाँटने का काम कर रहे हैं। हमारे देश में अनेक ऐसे कस्बे, गाँव और शहर हैं जहाँ डाकिया चिट्ठियाँ देने का काम करते हैं। पिन कोड का पत्र पहुँचाने में खास महत्त्व होता है। पत्र में शहर के नाम के बाद लिखे अंक को पिनकोड कहते हैं। पिन कोड 6 अंकों का होता है। पुराने समय में कबूतरों के द्वारा संदेश भेजे जाते थे, जब संचार और परिवहन के साधन कम थे। हरकारे पैदल ही आम आदमी तक चिट्ठी पहुँचाने का काम करते थे। आज संदेश भेजने के नए–नए साधन उपलब्ध हो गए हैं। डाक बाँटने में हवाई जहाज़, पानी के जहाज़ और जाने कौन–कौन से साधन इस्तेमाल किए जा रहे हैं। अब लोग नई तकनीकों जैसे ई–मेल आदि से जुड़ गए हैं। अपनी बात कोई भी व्यक्ति तुरंत दुनिया के किसी भी कोने तक पहुँचा सकता है।

1. पत्र में पिनकोड कितने अंक का होता है? ..........................................................................

2. अगर आप किसी को पत्र लिखते हैं, तो पते में यह जानकारी किस क्रम में लिखते हैं?

| | | | |
|---|---|---|---|
| गली / मोहल्ले के नाम, | घर का नंबर, | राज्य का नाम, | खंड का नाम, |
| | गाँव / कस्बे / शहर का नाम | | |

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

3. आज हम संचार के कौन–कौन से साधनों का प्रयोग करते हैं? लिखिए।

................................ ................................ ................................ ................................

4. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।

(क) छाँटना .......................... (ख) गुनगुनी ........................ (ग) परिवहन ........................

(घ) हरकारे .......................... (ङ) तकनीकी ........................ (च) ई–मेल ........................

5. बॉक्स में दिए गए शब्दों का प्रयोग कर वाक्य को पूरा कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| संदेश, | कंप्यूटर, | मोबाइल फोन, | छः, | इंटरनेट, |

(क) भारत के शहरों के पिनकोड में .................................. अंक होते हैं।

(ख) ............................ बिना तारों का टेलीफोन है।

(ग) ई–मेल ................................ द्वारा भेजा जाता है।

## कार्यपत्रक-53

**दक्षता : कहानी द्वारा शब्दों के प्रासंगिक संदर्भ और अर्थ को समझ पाना।**

निर्देश :– दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक नदी के किनारे ताड़ का भारी पेड़ था। वह बहुत मोटा और मजबूत था। उसके निकट ही सरकंडे के कुछ पौधे उगे हुए थे, जिनके तने नरम तथा लचीले थे।एक दिन जोर की आँधी आ गई। ताड़ का पेड़ खूब मजबूत होते हुए भी बीच में से टूट गया तथा सरकंडों के पौधों के बीच जा गिरा , परंतु सरकंडों के पौधों को किसी प्रकार की कोई हानि न हुई। यह देखकर वह हैरान हुआ और वह उनसे पूछने लगा, ''क्या कारण है कि नरम और कमजोर होने पर भी आँधी तुम्हारा कुछ न बिगाड़ सकी, जबकि मजबूत होते हुए भी मैं टूट गया हूँ।''

''ताड़ भाई – आप अपनी शक्ति की अकड़ में झुके नहीं और टूट गए, परंतु हमने नरम होने के कारण झुककर आँधी की प्रभुता स्वीकार की और सुरक्षित रहे।''

1. नदी के किनारे किसका पेड़ था।
   (क) जामुन (ख) नीम
   (ग) नारियल (घ) ताड़
2. ताड़ के निकट कौन–से पौधे उगे हुए थे ?
   (क) गुलाब (ख) मेंहदी
   (ग) तुलसी (घ) सरकंडे
3. ताड़ के पेड़ की विशेषता क्या है ?
   (क) नुकीले (ख) मजबूत
   (ग) खुरदरे (घ) नर्म
4. नरम और कमजोर होने पर भी आँधी सरकंडों का कुछ नहीं बिगाड़ पाई, क्यों ?
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................
5. आँधी ने ताड़ के पेड़ को क्या नुकसान पहुँचाया ?
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................
6. सरकंडे के पौधों की विशेषता बताएँ।
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-54

**दक्षता : कहानी को पढ़कर पात्रों की भावनाओं का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाल पाना।**

दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक दिन एक लोमड़ी जंगल से भागती हुई आकर मुर्गी के दड़बे मे घुस जाती है। लोमड़ी मुर्गी के दो बच्चों को छोड़कर सबको खा जाती है। लोमड़ी उन दोनों के पास आकर उन्हें खाने की बात करती है। पहला बच्चा उसे कहता है कि हम छोटे–छोटे हैं, हमें खाकर पेट नहीं भरेगा। हम आपको अच्छी चीज़ खिलाएँगे। पहला बच्चा लोमड़ी को कुएँ के आस–पास ले जाकर उसे खीर दिखलाता है। खीर को खाने की इच्छा प्रकट करती लोमड़ी कुएँ में जाने के लिए पूछती है। बच्चा उसे बताता है कि चरखी पर दो बाल्टियाँ टंगी हैं। एक नीचे जाने के लिए एक ऊपर आने के लिए है। लोमड़ी नीचे जाने वाली बाल्टी में बैठ जाती है, क्योंकि लोमड़ी ने चंदा मामा की परछाई को ही खीर समझ लिया। इस प्रकार मुर्गी के दो बच्चों ने अपनी सूझ–बूझ और चतुराई से धूर्त लोमड़ी से अपनी जान बचायी।

1. किसने, किससे व क्यों कहा?

   (क) हम छोटे–छोटे हैं, हमें खाकर पेट नहीं भरेगा।

   ..................................................................

   (ख) चरखी पर दो बाल्टियाँ टंगी हैं।

   ..................................................................

   (ग) हम आपको अच्छी चीज खिलाएँगे।

   ..................................................................

2. अगर आप मुर्गी के बच्चों की जगह होते तो लोमड़ी के साथ कैसा बर्ताव करते?

   ..................................................................

   ..................................................................

   ..................................................................

3. इन क्रिया शब्दों से वाक्य बनाइए।

   (क) सोचना ..................................................

   (ख) झाँकना ..................................................

   (ग) गिरना ..................................................

   (घ) डरना ..................................................

4. वर्तनी सही करें ।

   (क) परछाइ (ख) जुरर (ग) तारकिब (घ) बालटी

   ..................... ..................... ..................... .....................

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

## कार्यपत्रक-55

**दक्षता : कहानियों को पढ़ कर विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाल पाना।**

दी गई कहानी को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भावेश शाम होने से पहले अनिल और पंकज के घर पहुँच गया लेकिन आशा और निर्मला नहीं आयी। तीनों के पास साइकिलें थीं। तीनों ने पास की इमारतों का दौरा करने का फैसला किया। तीनों लकड़ी के पुल से गुजरे। गुजरते हुए भावेश सूखे पुल के ऊपर बीच में रुक कर पुल को ऊपर से लेकर नीचे तक ध्यान से देखता रहा। पुल के नीचे पहले ईंटों का आधार दिया हुआ था। जो बहुत बड़ा था और ईंटों का बनाया हुआ था। तीनों कुछ दूर आने के बाद एक खंडहर पर रुके, जो काफ़ी पुराना था। उसकी ईंटें टूटी–फूटी और बाहर निकल आई थी। वहीं पास में ईंट के भट्टे में कोई आग लगाकर ईंट पकाने की तैयारी में था। कोई ईंट बना रहा था, कोई उन्हें भट्टे में डाल रहा था, कोई मिट्टी लाता, कोई उसे गूँदता, कोई सूखी ईंट को सुखाकर भट्टे से ले जा रहा था।

1. भावेश शाम होने से पहले किसके घर पहुँच गया था ?

   ................................................................................................................................

2. ईंटों के भट्टे में क्या–क्या काम हो रहा था ?

   ................................................................................................................................

3. ईंट बनाने में किन–किन चीज़ों का प्रयोग किया जाता है ?

   ................................................................................................................................

4. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए।

   (क) खंडहर ............................................

   (ख) गूँदना ............................................

   (ग) इमारत ............................................

   (घ) निर्माण ............................................

5. ईंट बनाने की प्रक्रिया में हम मिट्टी का प्रयोग करते हैं, इससे पर्यावरण को नुकसान पहुँचता है, अपने शब्दों में लिखिए।

   ................................................................................................................................

   ................................................................................................................................

   ................................................................................................................................

6. मिट्टी से ईंट बनती है इसके अलावा मिट्टी से और क्या–क्या वस्तुएँ बनती हैं ? उन्हें सूचीबद्ध कीजिए।

   .......................... .......................... ..........................

   .......................... .......................... ..........................

   .......................... .......................... ..........................

 दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆ ☆ ☆

दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

आपने तरह–तरह के घर देखे होंगे। आप जानते हैं, घर में रहने के क्या फ़ायदे होते हैं? अधिकतर घर अपने इलाके में पाये जाने वाली चीज़ों से बनाए जाते हैं, जैसे समुद्र के किनारे के घरों में नारियल के पत्ते लगाए जाते हैं, जबकि पहाड़ों में घर पत्थर और स्लेट से बनते हैं। हर इलाके में अलग–अलग तरह के घरों की जरूरत रहती है, क्योंकि हर इलाके का मौसम अलग है। पहाड़ी इलाकों के घरों में छतें ढलवाँ बनाई जाती हैं, ताकि पानी या बर्फ जल्दी नीचे गिर जाए। असम में बाँस के डंडों से घर बनाया जाता है। राजस्थान के आदिवासी क्षेत्रों में सरकंडों से चोटीनुमा घर बनाए जाते हैं। कश्मीर में घर झील में तैरते हैं।

1. समुद्री इलाकों में कौन से पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं?

   ..............................................................................................................

2. असम में घर किससे बनाए जाते हैं?

   ..............................................................................................................

3. पहाड़ों में घर किन–किन चीजों से बनाए जाते हैं?

   ..............................................................................................................

   ..............................................................................................................

4. पहाड़ी क्षेत्रों में घरों की छतें ढलवाँ क्यों बनाई जाती हैं?

   ..............................................................................................................

   ..............................................................................................................

5. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ।

   (क) चोटीनुमा ..............................................................................

   (ख) झील ..............................................................................

   (ग) समुद्र ..............................................................................

   (घ) पत्थर ..............................................................................

   (ङ) सरकंडे ..............................................................................

☆☆☆

**टिप्पणी :** ..............................................................................

..............................................................................

.............................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ..................

## कार्यपत्रक-56

**दक्षता : प्रामाणिक सामग्री पढ़कर परिस्थितियों का विश्लेषण कर पाना।**

दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें।

आइए! आपको लिए चलते हैं झीलों की नगरी उदयपुर में। उदयपुर शहर में हमें संगमरमर के महल तथा पहाड़ों की एक कतार के साथ झीलें ही झीलें दिखाई देती हैं। इसलिए इसे झीलों की नगरी कहा जाता है। यहाँ की 'फतेह सागर झील, सहेलियों की बाड़ी' तथा 'पिछोला झील' प्रमुख आकर्षण का केन्द्र हैं। इस झील के बारे में कहा जाता है कि महाराजा 'लाखा' ने इस झील का निर्माण एक बंजारे द्वारा करवाया था। महाराजा उदयसिंह ने सन् 1559 में उदयपुर शहर को बसाया था। मोती मगरी, यहाँ महाराणा प्रताप की मूर्ति है। इसके आसपास सुंदर बगीचे हैं। राजस्थान का यह खूबसूरत शहर देश–विदेश से आने वाले सैलानियों के लिए एक खूबसूरत पर्यटक स्थल है।

1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
   (क) झीलों की नगरी कौन से शहर को कहा गया है ?
   ..............................................................................................
   (ख) उदयपुर के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थानों के नाम लिखें।
   ..............................................................................................
   (ग) उदयपुर शहर किसने बसाया और कब ?
   ..............................................................................................
2. वाक्य बनाएँ।
   (क) देश–विदेश ..............................................................................
   (ख) खूबसूरत ..............................................................................
   (ग) सैलानी ..............................................................................
   (घ) बंजारा ..............................................................................
   (ड़) आकर्षण ..............................................................................
3. पिछोला झील किसने बनवाई थी ?
   उत्तर ..............................................................................
4. यदि आपको उदयपुर जाने का अवसर मिले तो आप वहाँ जाकर क्या–क्या देखना चाहेंगे ?
   उत्तर ..............................................................................
5. झीलों और नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए हमें क्या–क्या करना चाहिए ?
   उत्तर ..............................................................................
   ..............................................................................................
   ..............................................................................................

 दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ................................ ☆☆☆

## कार्यपत्रक-57

**दक्षता : कहानियों को पढ़ कर पात्रों की भावनाओं का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाल पाना।**

कहानी को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बच्चों! तुमने मदारियों के पास भालू अवश्य देखा होगा। मदारी जब डमरू बजाता है तो भालू नाचने लगता है। झूम–झूमकर और घूम–घूमकर खेल दिखाता है। ये भालू काले होते हैं, परंतु क्या तुम्हें पता है कि भालुओं की एक जाति सफ़ेद भी होती है। ये भालू बर्फीले प्रदेश में पाए जाते हैं। इन्हें 'पोलर बीयर' भी कहा जाता है। सफ़ेद भालू की त्वचा मोटी होती है। त्वचा पर सफ़ेद रंग के घने किंतु मुलायम बाल होते हैं। सफ़ेद भालू तैरने में कुशल होते हैं। सफ़ेद भालू का रंग बर्फ़ से मिलता–जुलता होता है। भालू की नज़र बहुत तेज़ होती है वह अपने शिकार को दूर से ही देख लेता है। सील मछली भालू का प्रिय भोजन है। सील मछली साँस लेने तथा आराम करने के लिए जब समुद्र किनारे आती हैं तो भालू अपना शिकार बना लेते हैं। भालू सोने और खाने के शौकीन होते हैं। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से इनकी संख्या कम होती जा रही है।

1. सफेद रंग के भालू कहाँ पाए जाते हैं और इन्हें दूसरे किस नाम से जाना जाता है ?

   ..........................................................................................

2. सफेद भालू की त्वचा ...............................होती है। (मोटी / खुरदरी)
3. ...............................सोने और खाने के शौक़ीन होते हैं। (भालू / मदारी)
4. किस कारण से भालुओं की संख्या कम होती जा रही है ?

   ..........................................................................................

5. भालू के स्वभाव की विशेषताओं के बारे में लिखिए।

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

6. काले भालू और पोलर बीयर में क्या अंतर है ?

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

7. भालू का प्रिय भोजन क्या है ?

   ..........................................................................................

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

## कार्यपत्रक-58

**दक्षता : प्रामाणिक सामग्री पढ़कर परिस्थितियों का विश्लेषण कर पाना।**

शरीर के बहुत–से अंग ऐसे भी हैं, जो तभी काम करते हैं, जब हम उनसे काम लेते हैं। इन अंगों की गति माँसपेशियों के द्‌वारा होती है, इन्हें हम अपनी इच्छानुसार सिकोड़ या फैला सकते हैं। चलना, दौड़ना, झुकना, उठना, मुड़ना, खाना, बोलना आदि अनेक क्रियाएँ ऐसी माँसपेशियों द्‌वारा की जाती हैं, जो हमारी इच्छा द्‌वारा नियंत्रित होती हैं। हमारे शरीर में अनेक माँसपेशियाँ हैं। इनमें आँखों को घुमाने वाली छोटी माँसपेशियों से लेकर जाँघों की बड़ी माँसपेशियाँ तक सम्मिलित हैं। ये माँसपेशियाँ तभी सशक्त और समर्थ बनी रहती हैं, जब तक इनसे काम लिया जाता रहता है।

1. नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए–

**(अ)** अंगों की गति किसके द्‌वारा होती है ?

(क) हृदय द्वारा ☐
(ख) माँसपेशियों द्‌वारा ☐
(ग) रक्त द्‌वारा ☐

**(ब)** हम अपनी इच्छानुसार किसे सिकोड़ या फैला सकते हैं ?

(क) धमनियों को ☐
(ख) फेफड़ों को ☐
(ग) माँसपेशियों को ☐

**(स)** माँसपेशियों द्वारा कौन–सी क्रियाएँ की जाती हैं ?

(क) चलना–दौड़ना ☐
(ख) झुकना–उठना ☐
(ग) उपर्युक्त सभी ☐

2. दिए गए प्रश्नों का उत्तर एक या दो पंक्ति में दीजिए।

(क) व्यायाम करना क्यों आवश्यक है ?

.................................................................................................

.................................................................................................

(ख) क्या हमें योगासन भी करना चाहिए ? लिखिए।

.................................................................................................

.................................................................................................

3. वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।

(क) मुझे सफ़ेद घोड़ा अच्छा लगता है। ..........................................
(ख) हलवाई ने दस किलो लड्डू बनाए। ..........................................
(ग) पिताजी कुछ खिलौने लेकर आए हैं। ..........................................
(घ) मुझे लाल गुलाब पसंद है। ..........................................
(ङ) दीवाली के मेले में बहुत भीड़ थी। ..........................................



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ................................ ☆☆☆

## कार्यपत्रक-59

**दक्षता : प्रामाणिक सामग्री पढ़कर परिस्थितियों का विश्लेषण कर पाना।**

साँची की पहाड़ियों के बीचों–बीच विशाल अर्द्ध गोलाकार गुंबद के रूप में एक स्तूप स्थित है। इसे सम्राट अशोक ने बनवाया था। इसके शीर्ष पर कटघरेनुमा दीवार है जिसे 'वेष्टनी' कहते हैं। इसके मध्य एक के ऊपर एक तीन छतरियाँ हैं। स्तूप के चारों और प्रदक्षिणा पथ है जो पत्थर की वेष्टनी से घिरा है। इस पर चढ़ने के लिए दक्षिण में दो सीढ़ियाँ हैं। स्तूप के चारों ओर ज़मीन पर एक ओर वेष्टनी है जिस पर चार प्रवेश द्वार हैं। इनकी ऊँचाई 10 मीटर है। ये प्रवेश द्वार बालू पत्थर से बने हुए हैं। यहाँ महात्मा बुद्ध से संबंधित प्रतीक चिह्न हैं वृक्ष उनके ज्ञान और उनके निर्वाण के प्रतीक हैं।

1. गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**(अ)** प्रदक्षिणा पथ पर चढ़ने के लिए किस दिशा में सीढ़ियाँ हैं ?

(क) पूरब (ख) उत्तर (ग) दक्षिण

**(ब)** स्तूप के प्रवेश द्वारों की ऊँचाई लगभग कितनी है ?

(क) 12 मीटर (ख) 10 मीटर (ग) 15 मीटर

**(स)** वृक्ष किसके ज्ञान का प्रतीक चिह्न है ?

(क) गुरुनानक के (ख) श्री राम के (ग) महात्मा बुद्ध के

2. दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।

| | | |
|---|---|---|
| बलुआ पत्थर | वेष्टनी | महात्मा बुद्ध |

(क) प्रवेश द्वार ........................................ से बने हुए है।

(ख) प्रतीक चिह्न ................................... से संबंधित है।

(ग) स्तूप के चारों और जमीन पर एक ओर ............................... है।

3. अगर आप अपने परिवार के साथ दर्शनीय स्थल पर हैं और भीड़ के कारण परिजनों से बिछुड़ जाते हैं, तो आप क्या करेंगे ?

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

☆ ☆ ☆ दिनांक ......................... हस्ताक्षर शिक्षक: ...................................

## आकलन पत्रक-10

दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारी ट्रेन सुबह सात बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल पहुँच गई। स्टेशन के बाहर बोर्ड पर लिखा था। 'आमची' पूछने पर पता चला 'आमची' शब्द मराठी भाषा का है, जिसका अर्थ होता है– "हमारी नए शहर में गाइड कर लेना समझदारी होती है। मुंबई की सैर का श्रीगणेश हमने श्री सिद्धि विनायक दर्शन के साथ किया। गाइड ने बताया मुंबई महानगर का नामकरण मुंबा देवी के नाम पर किया गया है। मुंबई महानगर अरब सागर के किनारे पर है। यहाँ का स्वादिष्ट भोजन भेलपुरी और बड़ापाव है। मुंबई शहर के पास ही ऐलीफेंटा की गुफाएँ हैं। समुद्र के किनारे प्रसिद्ध ताज होटल है। मुंबई को बॉलीवुड उपनाम से भी जाना जाता है। मुंबई महाराष्ट्र राज्य की राजधानी भी है।

1. छत्रपति शिवाजी टर्मिनल के बाहर बोर्ड पर लिखा था–'आमची मुंबई'। इसका मतलब क्या है ?

   ..............................................................................................................................

2. मुंबई शहर का नाम किस देवी के नाम पर पड़ा ?

   ..............................................................................................................................

3. महाराष्ट्र की सीमा से कौन–कौन से राज्य जुड़े हुए हैं ? (भारत के राजनैतिक मानचित्र में देखें)

   ..............................................................................................................................

4. मुम्बई भारतीय चलचित्र का जन्म स्थान है, इसे किस उपनाम से जाना जाता है ?

   ..............................................................................................................................

5. मुंबई के लोग खाने में क्या पसंद करते हैं ?

   ..............................................................................................................................

6. सागर और नदी में क्या अंतर है ? लिखें।

   ..............................................................................................................................

   ..............................................................................................................................

7. मुंबई में गणेश चतुर्थी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। उसी प्रकार आपके शहर में कौन–कौन से त्योहार मनाए जाते हैं ? लिखिए।

   ...................................................... ......................................................

   ...................................................... ......................................................

**टिप्पणी :** ..............................................................................................

..............................................................................................

.............................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ...................

☆ ☆ ☆

## कार्यपत्रक-60

**दक्षता : शब्द समूह में शब्दों के अर्थ को समझ पाना।**

1. दिए गए शब्द समूह में अलग अर्थ वाले शब्द पर गोला लगाइए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जैसे :– | दिन | वार | (रात) | दिवस |
| (क) | आग | अनल | अग्नि | मशाल |
| (ख) | दोस्त | बंधु | दुश्मन | साथी |
| (ग) | नेत्र | नयन | पलक | आँख |
| (घ) | पवन | वायु | हवा | तूफान |

2. दिए गए शब्दों के तीन–तीन अर्थ (पर्यायवाची) लिखिए।

जैसे :– गृह – घर, आलय, निवास

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | धरा | ...................... | ...................... | ...................... |
| (ख) | खग | ...................... | ...................... | ...................... |
| (ग) | बादल | ...................... | ...................... | ...................... |
| (घ) | पानी | ...................... | ...................... | ...................... |

3. दिए गए शब्द युग्म की सहायता से वाक्यों को पूरा कीजिए।

| पीछे–पीछे, सुबह–सुबह, तरह–तरह, सुनते–सुनते, ऊँची–ऊँची |
|---|

जैसे :– बगीचे में तरह–तरह के फूल खिले थे।

(क) शहर में ................................ इमारतें हैं।

(ख) बछड़ा गाय के ................................ चलने लगा।

(ग) तुम्हारी कक्षा ................................ लगेगी।

(घ) नेहा लोरी ................................ सो गई।

4. सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान भरें और वाक्यों को पूरा कीजिए।

जैसे :– सूरज की <u>किरणें</u> हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती हैं।

(अ) आया (ब) किरणें✓ (स) चमक (द) गरमी

(क) .................... सत्य, अहिंसा और शांति के पुजारी थे।

(अ) नेहरू जी (ब) तिलक जी (स) महात्मा गाँधी (द) इंदिरा गाँधी

(ख) देश के वीर अपने देश की ................. के लिए बलिदान दे देते हैं।

(अ) आन, बान, शान (ब) नौकरी (स) सम्पति (द) विस्तार

(ग) गंगा–यमुना भारत की पवित्र ..................... हैं।

(अ) महासागर (ब) सरोवर (स) तालाब (द) नदियाँ

☆☆☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

# गतिविधि

**गतिविधि – व्यंजन के भेद (उच्चारण स्थान)**

**समय : 30 मिनट**

**सामग्री : श्यामपट्ट**

- जो व्यंजन मूलतः कंठ की सहायता से उच्चारित होते हैं वे कंठ्य व्यंजन कहलाते हैं।
- जिन व्यंजनों को उच्चारण करते समय तालू का उपयोग किया जाता है, वे तालव्य व्यंजन कहलाते हैं।
- जिन व्यंजनों का उच्चारण स्थल मूर्धा होता है, वे व्यंजन मूर्धन्य कहलाते हैं।
- जिन व्यंजन का उच्चारण दाँतों की सहायता से किया जाता है, उन्हें दंत्य व्यंजन कहते हैं।
- जिन व्यंजनों को उच्चारण होटों की सहायता से किया जाता है, उन्हें ओष्ठ्य व्यंजन कहते हैं।
- उच्चारण की दृष्टि से जिन व्यंजनों की स्थिति स्वर तथा व्यंजन के बीच की होती है, उन्हें अंतःस्थ व्यंजन कहते हैं।
- जो व्यंजन उच्चारण के समय मुख से उष्मा उत्पन्न कर दे उन्हें उष्म व्यंजन कहते हैं।

**निर्देशः–**

- शिक्षक ऊपर दी गई जानकारी को उदाहरण सहित बच्चों से साझा करेंगे।
- इस प्रक्रिया की आवृति को छात्रों की आवश्यकतानुसार करेंगे।
- शिक्षक व्यंजनों को श्यामपट्ट पर क्रमबद्ध रूप में न लिखकर बिखरे हुए लिखेंगे।
- श्यामपट्ट पर लिखे हुए व्यंजनों का छात्रों द्वारा बारी–बारी से उच्चारण करवाएँ एवं उच्चारण स्थल पूछें भी यह प्रक्रिया व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से करवाएँ।
- प्रत्येक बालक की भागिदारी सुनिश्चित हो।
- छात्र द्वारा सही स्थल बताने पर प्रोत्साहन स्वरूप शाबासी दें।



## कार्यपत्रक-61

**दक्षता : क्रिया विशेषण को समझ कर प्रयोग कर पाना।**

1. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण छाँटकर लिखिए।

| वाक्य | क्रिया विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|
| जल्दी चलो, जिससे वहाँ पहुँच सकें। | जल्दी | चलो |
| सलीम बहुत पढ़ता है। | | |
| नीता एकदम सच बोलती है। | | |
| माँ अपनी संतान को बहुत चाहती है। | | |
| सविता बाहर खेल रही है। | | |

2. दिए गए क्रिया विशेषण चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सवेरे–सवेरे | निरंतर | कब | अभी | कभी–कभी |

जैसेः– तुम्हें <u>अभी</u> जैसलमेर जाना पड़ेगा।

(क) सूर्य ........................................उदय होता है।

(ख) कमला मेरे घर ........................................ आती है।

(ग) अब आप ........................................ आएंगे ?

(घ) नदियाँ ........................................ बहती हैं।

3. दिए गए वाक्यों में से क्रिया विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए।

जैसे :– बंदर पेड़ पर <u>उछल–कूद कर रहा</u> है।

(क) वह पेड़ के नीचे खड़ा है।

(ख) क्या तुम कल आओगी ?

(ग) भालू ने बहुत सारे फल खाए।

(घ) बादल ज़ोर–ज़ोर से गरज रहे हैं।

4. उचित क्रिया विशेषण शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

जैसेः– मैं <u>जरूर</u> यह काम करूँगा। (जरूर / जरूरी)

(क) वह लड़की ........................................ हँसी। (बहुत / कमी)

(ख) यह पुस्तक ........................................ बिक रही है। (धड़–धड़ / धड़ाधड़)

(ग) मीनल बहुत ........................................गाती है। (अच्छा / अच्छी)

(घ) काले बादल ........................................ गड़गड़ा रहे हैं। (जोर से / धीरे से)

(ङ) पेड़ से पका आम ........................................ गिरा। (नीचे / ऊपर)

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ................................

## कार्यपत्रक-62

**दक्षता : लिंग तथा वचन युक्त शब्दों की पहचान कर पाना।**

1. दिए गए शब्दों में से स्त्रीलिंग एवं पुल्लिंग शब्द ढूँढ़कर लिखिए।

माता, टीना, राम, किताब, यमुना, बैल,
चिड़िया, भाई, गायक, शेर, जोगी, देवी

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग |
|---|---|
| टीना | राम |
| .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... |
| .......................... | .......................... |

2. दिए गए एक वचन शब्दों का बहुवचन शब्दों के साथ मिलान कीजिए।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| कन्या | फूलों |
| सड़क | पुस्तकें |
| पुस्तक | हम |
| मैं | कन्याएँ |
| फूल | सड़कें |

3. खाली जगह में स्त्रीलिंग शब्द भरिए।

(क) .............................. घर का काम करती है। (पिता)

(ख) .............................. राखी बाँधती है। (भाई)

(ग) .............................. सुंदर नृत्य करती है। (मोर)

(घ) .............................. कवि सम्मेलन में नहीं पहुँच पायी। (कवि)

4. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन शब्द लिखिए।

(क) बच्चा – ............................ (ख) महिला – ............................

(ग) खिलौना– ............................ (घ) संतरा – ............................

(ङ.) घड़ी – ............................ (च) नदी – ............................



दिनांक ......................... हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆☆☆

## कार्यपत्रक-63

### दक्षता : वाक्यों में क्रिया-काल को पढ़कर समझना और लिखना।

1. सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

जैसे :– रमा खाना बना रही है।

(अ) वर्तमान काल ☑ (ब) भविष्यत् काल ☐ (स) भूत काल ☐

(क) कुत्ता भौंक रहा था।

(अ) वर्तमान काल ☐ (ब) भविष्यत् काल ☐ (स) भूत काल ☐

(ख) पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं।

(अ) वर्तमान काल ☐ (ब) भविष्यत् काल ☐ (स) भूत काल ☐

(ग) चित्रकार चित्र बनाएगा।

(अ) वर्तमान काल ☐ (ब) भविष्यत् काल ☐ (स) भूत काल ☐

(घ) बादल गरज रहे थे।

(अ) वर्तमान काल ☐ (ब) भविष्यत् काल ☐ (स) भूत काल ☐

2. दिए गए वाक्यों में क्रिया को रेखांकित करके उनका काल बताइए।

जैसे :– वह सिनेमा <u>गया होगा।</u> <u>भूतकाल</u>

(क) अंजू पढ़ रही है। ..............................

(ख) तेज आँधी आई थी। ..............................

(ग) पिताजी पत्र लिखेंगे। ..............................

(घ) कल तुम आ जाना। ..............................

(ङ) हम शाम को बाजार जाएँगे। ..............................

3. क्रिया का उचित रूप लिखकर वाक्यों को पूरा कीजिए

जैसे :– मोहन हॉकी <u>खेल रहा</u> है। (खेलना) – वर्तमान काल

(क) सब छात्राएँ घर चली ..............। (जाना) – भूतकाल

(ख) मैं कल दिल्ली..............। (जाना) – भविष्यत् काल

(ग) सुधा ने झूठ ..............। (बोलना) – भूतकाल

(घ) हम विद्यालय ..............। (जाना) – वर्तमान काल

4. नीचे लिखे वाक्यों के सामने उनका काल लिखिए।

जैसे :– सलीम खाना खाएगा। <u>भविष्यत् काल</u>

(क) सुमन अनीता से बात कर रही है। ..............................

(ख) आप किसके साथ खेलने जाएँगे। ..............................

(ग) बारिश होने की संभावना है। ..............................

(घ) मुझसे भूल हो गई। ..............................

(ङ) मुंशी प्रेमचंद जी ने कई किताबें लिखीं। ..............................

# आकलन पत्रक-11

1. दिए गए वाक्यों में से क्रिया–विशेषण छाँटकर लिखिए।

| वाक्य | क्रिया विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|
| (क) वनीता कक्षा में प्रथम आती है। | | |
| (ख) नेहा बहुत बोलती है। | | |
| (ग) उतना खाओ जितना पच जाए। | | |
| (घ) शेर जोर–जोर से दहाड़ रहा था। | | |

2. दिए गए क्रिया विशेषण शब्दों से वाक्य पूरा कीजिए।

| चुपचाप, | सामने, | धीरे–धीरे, | अवश्य |
|---|---|---|---|

(क) हमारे घर के ........................................................................ एक विशाल पेड़ है।

(ख) बिल्ली ........................................................................................ घर में घुस आयी।

(ग) .......................................................................................................घर चलो।

(घ) तुम स्कूल ..................................................................................................... जाओ।

3. दिए गए क्रिया शब्दों को काल के अनुसार खाली स्थान में भरिए।

(क) अरविंद रोज एक किलोमीटर ....................................................... है। (चलना)

(ख) हम समय पर भोजन ...........................................................................हैं। (करना)

(ग) रवि नदी में तैरने ..............................................................................है। (जाना)

(घ) कल जोरों से आँधी .............................................................. रही थी। (चलना)

4. दिए गए वाक्यों में क्रिया के अनुसार लिंग, वचन और काल को बदलकर सही वाक्य लिखिए।

(क) मैं खेलने गया। ....................................................................................... (बहुवचन)

(ख) कल हम सिनेमा देखने गए थे। .......................................................... (भविष्यत् काल)

(ग) वह हरदम मुसकुराता रहता है। ........................................................ (स्त्रीलिंग)

(घ) वे दशहरा का मेला देखने गए। ........................................... (एकवचन)

5. नीचे दिए गए उत्तर के लिए प्रश्न बनाइए।

(क) उत्तर : हम आज गरम–गरम जलेबियाँ खाएँगे।

प्रश्न : ....................................................................................................?

(ख) उत्तर : मेरे बस्ते में दस किताबें और कुछ कॉपियाँ हैं।

प्रश्न : ....................................................................................................?

**टिप्पणी :** ..........................................................................................

..........................................................................................................

................................................ **हस्ताक्षर शिक्षक :** ....................

☆☆☆

## कार्यपत्रक-64

**दक्षता : छोटी कहानियों के तथ्यों को पढ़ पाना और याद कर पाना।**

दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गाँधी जी के असहयोग आंदोलन को सफल बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई, उन्होंने देश के किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए अनेक प्रयास व आंदोलन किए। भूकंप पीड़ितों की सेवा अत्यंत परिश्रम से करने के कारण वे शीघ्र ही लोकप्रिय नेता बन गए। वकालत की शिक्षा प्राप्त करके थोड़े ही समय में उन्होंने इस क्षेत्र में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान बना लिया था। वे इनके विचारों से इतने प्रभावित थे कि वकालत छोड़कर असहयोग आंदोलन में कूद पड़े। वही आगे चल कर भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने।

1. (क) डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद किसके विचारों से बहुत अधिक प्रभावित थे ?

   उत्तर ..........

   (ख) डॉ. राजेंद्र प्रसाद किन कारणों से लोकप्रिय नेता बने ?

   उत्तर ..........

   (ग) राजेंद्र बाबू ने वकालत क्यों छोड़ी ?

   उत्तर ..........

   (घ) .......... भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे।

   (ड़) 'परिश्रम' का समानार्थी शब्द .......... हैं।

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

   (अ) प्रभावित ..........

   (ब) लोकप्रिय ..........

   (स) सहयोग ..........

   (द) सफल ..........

3. वाक्य पूरे कीजिए।

   की, के, को, कि

   (अ) डॉ. प्रसाद ने किसानों .......... समस्या को दूर किया।

   (ब) गाँधी जी .......... साथ असहयोग आंदोलन में कूदे।

   (स) उन्होंने भूकंप पीड़ितों .......... बहुत सहायता की।

   (द) आंदोलन .......... सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी।

4. यदि आपको देश का राष्ट्रपति बनने का मौका मिले तो आप क्या नया करना चाहेंगे ?

   उत्तर ..........

   ..........

☆ ☆ ☆ दिनांक .......... हस्ताक्षर शिक्षक: ..........

## कार्यपत्रक-65

**दक्षता : छोटी कहानियों के तथ्यों को याद करना और पढ़ पाना।**

एक सोना नाम की मछली तालाब में तैर रही थी। सोना सुनहरे रंग की थी। उसे अपनी सुंदरता पर बहुत घमंड था। वह सबसे अलग–थलग रहती थी। वह किसी से भी ठीक से व्यवहार नहीं करती थी। एक दिन वह गंदे पानी की धारा में बह गई, उसका सुनहरा रंग फीका पड़ गया। उसने जब पानी में अपनी परछाई देखी तो बहुत उदास हो गई और उसे अपनी गलती का एहसास हो गया। उस दिन से वह सब के साथ मिलकर रहने लगी।

नीचे दिए गए सही उत्तर पर सही (✓) का निशान लगाइए।

1. मछली को किसका घमंड था ?

   (क) आँखों का (ख) पूँछ का (ग) सुंदरता का

2. मछली पहले कहाँ रहती थी ?

   (क) तालाब में (ख) समंदर में (ग) नदी में

3. मछली__________रंग की थी।

   (क) लाल (ख) पीले (ग) सुनहरे

4. एक दिन वह__________की धारा में बह गई ।

   (क) गंदे पानी (ख) नदी (ग) साफ पानी

5. मछली क्यों उदास हो गई ?

   उत्तर ________________________________________________

   ________________________________________________

6. यदि तुम सोना मछली की जगह होते तो सबके साथ कैसा व्यवहार करते ?

   उत्तर ________________________________________________

   ________________________________________________

   ________________________________________________

7. नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ।

| शब्द | अर्थ | वाक्य |
|---|---|---|
| घमंड | | |
| परछाई | | |
| सुनहरा | | |
| धारा | | |
| उदास | | |

 दिनांक ......................... हस्ताक्षर शिक्षकः ................................ ☆☆☆

## कार्यपत्रक-66

**दक्षता : कहानी से पात्रों की भावनाओं के बारे में निष्कर्ष निकालना और विश्लेषण कर पाना।**

दी गई कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

रमन एक शरारती लड़का था। वह बिना ही कारण जानवरों को मारता था। उसे जानवरों को मारने में बड़ा मज़ा आता था। एक दिन वह अपने दोस्त विमल के साथ बाज़ार जा रहा था। रास्ते में उसने एक कुत्ते को सोते हुए देखा। उसे शरारत सूझी।

उसने एक पत्थर उठाया। विमल समझ गया कि रमन कुत्ते को मारना चाहता है। उसने रमन से कहा – "तुम बेचारे जानवर को क्यों मारते हो? मत मारो।" रमन ने दोस्त की बात नहीं सुनी। उसने ज़ोर से कुत्ते पर पत्थर फेंका। जिससे वह उठ गया। कुत्ते को रमन पर बहुत गुस्सा आया। पहले वह गुर्राया, फिर तेज़ी से रमन की तरफ़ झपटा और उसने रमन के पैर पर ज़ोर से काट लिया। रमन कुछ नहीं कर सका। वह वहीं बैठकर रोने लगा।

1. दिए गए शब्दों के अर्थ अनुच्छेद से छाँटकर लिखिए।

| शब्द | अर्थ | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| बदमाश | | क्रोध | |
| मित्र | | हाट | |

2. नीचे दिए गए शब्दों से सरल वाक्य बनाइए।

(क) बेकार – किसी को बेकार में परेशान नहीं करना चाहिए।

(ख) जानवर ____________________

(ग) पत्थर ____________________

(घ) दोस्त ____________________

(ङ) गुर्राना ____________________

(च) गुस्सा ____________________

(छ) बाज़ार ____________________

3. रिक्त स्थान भरिए।

(क) रमन एक__________लड़का था।

(ख) कुत्ते ने रमन के पैर पर ज़ोर से__________लिया।

(ग) रमन ने कुत्ते पर__________फेंका।

☆ ☆ ☆ दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................

## कार्यपत्रक-67

**दक्षता : कहानी से पात्रों की भावनाओं के बारे में निष्कर्ष निकालना और विश्लेषण कर पाना।**

गर्मियों के दिनों में एक चींटी बहुत प्यासी थी। कुछ देर चलने के बाद वह एक नदी के पास पहुँची। सामने पानी था, लेकिन वह सीधे नदी में नहीं जा सकती थी। इसलिए वह एक पत्थर पर चढ़ गई। जैसे ही उसने पानी पीने की कोशिश की वह सीधी नदी में गिर गई। उसी नदी के किनारे एक पेड़ की टहनी पर एक कबूतर बैठा था। उसने चींटी को पानी में गिरते देख लिया। उसने चींटी की मदद करने के लिए तेजी से पेड़ से एक पत्ता तोड़कर नदी में चींटी के पास फेंक दिया। चींटी उस पत्ते पर चढ़ गई। थोड़ी देर बाद पत्ता तैरता हुआ नदी किनारे पहुँच गया। चींटी ने पत्ते में से छलांग लगाई और फिर उसने पेड़ पर बैठे कबूतर को धन्यवाद दिया।

**ऊपर लिखी कहानी के आधार पर एक से पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।**

1. कबूतर ने चींटी के लिए पत्ता क्यों फेंका ?
   (क) चींटी को डराने के लिए
   (ख) चींटी का मज़ाक उड़ाने के लिए
   (ग) चींटी की मदद करने के लिए
2. **"डूबते को तिनके का सहारा"** से आप क्या समझते हैं ?
   (क) परेशानी में कोई मदद न मिलना
   (ख) परेशानी में थोड़ी मदद मिलना
3. कबूतर के स्थान पर आप होते तो चींटी की मदद कैसे करते ?
   ..........................................................................................
   ..........................................................................................
4. क्या आपने भी कभी किसी की मदद की है ? अपने शब्दों में लिखें ?
   ..........................................................................................
   ..........................................................................................
5. नीचे दी गई स्थिति में आप क्या करेंगे ?
   (क) स्कूल में भूकंप आने पर
   उत्तर ..........................................................................................
   (ख) घर का पता भूलने पर
   उत्तर ..........................................................................................
   (ग) घर में चोर घुसने पर
   उत्तर ..........................................................................................
   (घ) पेपर में प्रश्न न आने पर
   उत्तर ..........................................................................................



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षकः ................................ ☆☆☆

## कार्यपत्रक-68

**दक्षता : संदर्भ में संज्ञा शब्दों को लिख पाना।**

1. दिए गए शब्द जाल में से संज्ञा शब्द ढूँढ़कर संज्ञा शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बै | ल | ग | धा | ज | शे | र | क |
| क | तं | श | ल | ग | म | छ | ली |
| प | ल | आ | ग | रा | त | ल | ब |
| ज | ट | ल | थ | प | श | पं | ख |
| क | र | ना | ल | द | घ | श | न |

| संज्ञा | वाक्य |
|---|---|
| (क) आगरा | ................................................ |
| (ख) ............... | ................................................ |
| (ग) ............... | ................................................ |
| (घ) ............... | ................................................ |
| (ङ) ............... | ................................................ |
| (च) ............... | ................................................ |
| (छ) ............... | ................................................ |

2. दिए गए संज्ञा शब्दों से वाक्यों को पूरा कीजिए।

यमुना, दिल्ली, श्रीनगर, नर्मदा, गोदावरी, नई दिल्ली

(क) ...................................... के किनारे ..........................................बसा हुआ है।
(ख) ........................................ और .........................................................भारत की नदियाँ है।
(ग) डल झील .................................................... में है।
(घ) भारत की राजधानी .................................................................................. है।

3. जातिवाचक संज्ञाओं में से सही संज्ञा शब्द चुनकर नीचे लिखे वाक्यों को पूरा कीजिए।

किसान, हाथी, वृक्ष, शहर

(क) जंगल का सबसे बड़ा पशु ................................................................................ है।
(ख) लकड़ी ........................................................................................ से प्राप्त होती है।
(ग) कोलकत्ता भारत का प्रसिद्ध ...........................................................................है।
(घ) ........................................................................................ खेत में हल चला रहा है।

4. समूहवाचक संज्ञाओं को चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

छत्ता, श्रृंखला, दल, काफ़िला

(क) मधुमक्खियों का .................................................. शहतूत के पेड़ पर लटका हुआ था।
(ख) ऊँटों का ........................................................................ मेले की शोभा बढ़ा रहा था।
(ग) पहाड़ों की ................................................................... दूधिया चाँदनी में नहा रही थी।
(घ) डाकुओं का ..................................................... अस्त्र–शस्त्र के साथ घोड़ों पर सवार था।

☆☆☆ दिनांक ......................... हस्ताक्षर शिक्षकः ..................................

## कार्यपत्रक-69

**दक्षता : प्रश्न पूछने की समझ बना पाना।**

1. दिए गए वाक्यों को सही क्रम में लिखिए।
   - (क) परिधि पढ़ती कविता है। **परिधि कविता पढ़ती है।**
   - (ख) रानी जाती से बस बाड़मेर है। ..........................................
   - (ग) रेलगाड़ी सुहाना का सफर होता है। ..........................................
   - (घ) में बहुत अनाज घड़साना है होता। ..........................................
   - (ड.) अंशी जून को 29 जन्म दिवस है मनाती। ..........................................

2. दिए वाक्यों में स्थिति समझकर उसके बाद होने वाली संभावित घटना से मिलान कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| (क) पुष्पा स्वच्छता को अपनाती है। | | • वह अनुत्तीर्ण हो जाएगा। |
| (ख) ताराचंद विद्यालय बहुत कम आता है। | | • वह स्वस्थ रहती हैं। |
| (ग) ममता अपनी बच्ची को घर पर भी पढ़ाती है। | | • वैशाख महीना आने वाला है। |
| (घ) राजा प्रजा को बिना वजह दंडित करता है। | | • अस्पताल जाना जरूरी है |
| (ड.) चैत्र महीना चल रहा है। | | • वह पढ़ने में होशियार है। |
| (च) अनूप के पैर में चोट लग गई। | | • जनता तख्ता पलट करेगी। |

3. दिए गए वाक्यों को पढ़कर क्रमबद्ध लिखिए।

   वह भी अध्यापकों का सम्मान करता है। मदन सुबह जल्दी उठता है। नहाने के बाद खाना खाकर विद्यालय जाता है, वह प्रातः 7 बजे नहाता है, इसलिए अध्यापक उससे बहुत प्रेम करते हैं। वह मन लगाकर पढ़ता है।

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

4. आप सुबह आठ बजे से दस बजे तक क्या–क्या करते हैं ? क्रम बद्ध लिखिए।

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................

   ..........................................................................................



दिनांक ........................ हस्ताक्षर शिक्षक: ................................ ☆ ☆ ☆

# आकलन पत्रक-12

1. एक मजदूर ने सारा दिन कड़ी मेहनत करके जो रुपया कमाया उसे अपनी फटी पुरानी चादर के कोने में बाँध कर बस्ती की ओर चल पड़ा। बहुत दूर उसने अपने कच्चे झोंपड़े के धुएँ को आकाश में चक्कर काटते देखा और देखते ही समझ गया की माँ उसके लिए खाना बना रही है। उसके घर में उसकी बूढ़ी माँ के अलावा और कोई सगा संबंधी न था। उसके घर में सिवाय एक चूल्हे और दो–चार बर्तनों के अलावा और कोई साज़–सामान न था। मगर फिर भी वह खुश था। सामने की सड़क पर बारात जा रही थी। सामने बारात देखकर वह कल्पना में खो गया कि एक दिन उसका भी ब्याह होगा और वह भी ऐसे ही बारात लेकर निकलेगा। उसके साथ–साथ बाजे बज रहे होंगे। तभी किसी ने उसकी पीठ पर हाथ मारते हुए उसे पीछे हटने को कहा। बस, जैसे– उसका सपना ही टूट गया।

1 गरीब मजदूर ने अपने कच्चे झोपड़े से निकले धुएँ को कहाँ चक्कर काटते हुए देखा ?

(क) धरती में (ख) आकाश में (ग) झोपड़ी में

2 वह मजदूर किसको देख कर अपने ब्याह की कल्पना करने लगा ?

(क) बूढ़ी माँ (ख) अपने संबंधी (ग) बारात को

3. मजदूर के ब्याह की कल्पना कहाँ मिल गई ?

(क) धूल में (ख) पानी में (ग) सड़क में

2. निम्न शब्दों की संज्ञा लिखिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| हवामहल | ...................................... | मिठाई | ...................................... |
| बचपन | ...................................... | बुढ़ापा | ...................................... |
| कबीर | ...................................... | | |

.

3. दिए गए वाक्यों को सही क्रम में लिखिए –

(क) प्रज्ञा जाती कार से घर। ........................................................

(ख) लॉकडाउन में बंद सब जाता है हो। ........................................................

(ग) अपना आप करो काम। ........................................................

☆☆☆

**टिप्पणी :** ........................................................................................................

........................................................................................................

.................................................. **हस्ताक्षर शिक्षक :** ....................

# समग्र मूल्यांकन ( Endline Assessement )

- **यह मूल्यांकन विद्यार्थी स्वविवेक से करेंगे।**
- **विद्यार्थी को सभी प्रश्न करने हैं।**
- **शिक्षक विद्यार्थी को केवल प्रश्न समझने में सहायता करेंगे।**
- **टिप्पणी करते समय शिक्षक विद्यार्थी की समग्र शिक्षण गतिविधियों को ध्यान में रखेंगे।**

1. नीचे विभिन्न रूप वाले शब्द लिखे हैं। आप भी ऐसे तीन–तीन शब्द और लिखिए –

राजा ................................ ................................ ................................
मार्ग ................................ ................................ ................................
प्रांत ................................ ................................ ................................
मेट्रो ................................ ................................ ................................

2. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ समझकर वाक्य बनाइए –

(1) उत्तर – जवाब ................................................................................
एक दिशा ................................................................................

(2) फल – लाभ ................................................................................
परिणाम ................................................................................

(3) जल – जल जाना ................................................................................
पानी ................................................................................

3. प्रसन्न शब्द में द्वित्व व्यंजन है। आप भी ऐसे चार शब्द लिखिए जिनमें द्वित्व व्यंजन हों –

................................ ................................
................................ ................................

4. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप के सामने (✓) का अशुद्ध रूप के सामने (✗) निशान लगाइए–

वीकास ( ) दिनांक ( )
सूर्य ( ) कायरता ( )

 दिनांक ......................... हस्ताक्षर शिक्षकः ................................ ☆☆☆

5. निम्नलिखित शब्दों का प्रत्यय अलग करके लिखिए –

| | | | |
|---|---|---|---|
| रंगीला | ................................ | धनवान | ................................ |
| बालपन | ................................ | कायरता | ................................ |

6. अनमोल शब्द का वर्ण विच्छेद् अ+न्+अ+म्+ओ+ल्+अ होता है। आप भी नीचे लिखे शब्दों का वर्णविच्छेद (वर्तनी विश्लेषण) कीजिए –

(क) उपहार – ................................................................................................

(ख) सुविधा – ................................................................................................

(ग) विकास – ................................................................................................

(घ) परिणाम – ................................................................................................

7. जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम का संबंध वाक्य में आए अन्य शब्दों के साथ बनाते हैं, उन्हें 'संबंधबोधक' कहते हैं।

जैसे – राम पेड़ <u>के ऊपर</u> चढ़ गया।

आप भी नीचे लिखे संबंधबोधक पर गोला लगाइए –

(क) मेज के नीचे खिलौना है।

(ख) मेरे घर के सामने मैदान है।

(ग) अजय पिता जी के साथ घूमने जा रहा है।

(घ) सोनम रिया के बाद आई।

8. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए –

(क) सर्वश्रेष्ठ – ................................................................................................

(ख) प्रतियोगिता – ................................................................................................

(ग) प्रशिक्षण – ................................................................................................

(घ) खेल – ................................................................................................

9. निम्नलिखित अनुच्छेद में विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए पुनः लिखिए –

ओलंपिक में पहली बार सन् 1928 में भारत हॉकी के मैदान में उतरा था मेजर ध्यानचन्द ने भारत को चमत्कारी जीत दिलाई थी तभी से ध्यानचन्द की हॉकी का जादूगर कहा जाने लगा था इस जादूगर ने तानाशाह हिटलर का भी दिल जीत लिया था–

................................................................................................

................................................................................................

................................................................................................

10. नीचे दिए गए वाक्यों में वचन बदल कर पुनः लिखिए –

(क) कमरा बहुत बड़ा है। ........................................

(ख) लड़की नृत्य कर रही है। ........................................

(ग) कल मैंने कलम खरीदी। ........................................

(घ) चिड़िया घोसले में बैठना है। ........................................

11. सभी देशवासी अपने देश को प्यार करते हैं और अपने देश के लिए कुछ करना चाहते हैं। आपके विचार से निम्नलिखित व्यक्ति अपना देश प्रेम किस रूप में प्रकट करेंगे –

(क) खिलाड़ी

........................................

(ख) गृहिणी

........................................

12. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए –

(क) चेहरे का रंग उड़ना।

........................................

(ख) नो दो ग्यारह हो जाना।

........................................

(ग) दाँत खट्टे करना।

........................................

(घ) आँख का तारा।

........................................

13. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए –

गृह .................... नयन ....................

हास्य .................... भ्राता ....................

14. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

जो काम करें, उसे प्रसन्नता के साथ करना चाहिए। उसके बारे में ऐसा कोई भी शब्द नहीं बोलना चाहिए, जिससे लगे कि यह काम बेमन से किया जा रहा है। ऐसा भी नहीं लगे कि जैसे काम करके हम किसी पर एहसान कर रहे हैं। हमें किसी को कोई वस्तु देनी नहीं चाहिए, दें तो पूर्ण उदारता के साथ और प्रसन्नता के साथ देना चाहिए। यदि हमें इनकार ही करना पड़े तो उसमें अधिकार और अभिमान की गंध नहीं आनी चाहिए। हमारी इनकार भी शिष्टता के साथ होनी चाहिए। इनकार करने में परायेपन का भाव नहीं होना चाहिए।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

........................................................................................................................

(ख) हमें किसी भी कार्य को किस प्रकार करना चाहिए ?

........................................................................................................................

(ग) आप किसी का काम नहीं कर सकते। आप किस प्रकार कार्य को नहीं करने के लिए मना करते हैं ? लिखिए –

........................................................................................................................

(घ) निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखिए।

(1) अभिमान – ..............................

(2) गंध – ..............................

15. निम्नलिखित संवाद को आगे बढ़ाइए –

केशव – गरमी की छुट्टियों में इस बार माउंट आबू चलेंगे।

शिवानी – नहीं, इस बार जैसलमेर चलेंगे।

केशव – जैसलमेर क्या करेंगे ? पिछली बार गए थे।

शिवानी – ........................................................................................

केशव – ........................................................................................

शिवानी – ........................................................................................

केशव – ........................................................................................

शिवानी – ........................................................................................

केशव – ........................................................................................

15. नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

समय बहुत ही मूल्यवान है, व्यर्थ कभी नहीं खोना।
चला गया है जो समय, लौटकर कभी नहीं आता है।
धन खो जाता, श्रम करने से फिर से इसको पाता।
अगर विद्या खो जाती, पढ़ने से फिर है आती।
लेकिन खो जाने से, मिलती नहीं समय की पाती।

(क) कवि किसे व्यर्थ में नहीं खोने की बात कह रहा है ?

उत्तर ............................................................................................................................

(ख) आप अपने समय का उपयोग कैसे करते हैं ?

उत्तर ............................................................................................................................

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए –

उत्तर ............................................................................................................................

(घ) कविता के अनुसार हम कौन–कौन सी खोई हुई स्थिति पुनः प्राप्त कर सकते हैं ?

उत्तर ............................................................................................................................

## विद्यार्थी के प्रदर्शन का रिकॉर्ड

**टिप्पणी :**

# ''आपकी सजगता, बच्चे की सुरक्षा''

यदि आपको ऐसे बच्चे मिलते हैं या दिखते हैं तो -

नशा करने वाले बच्चे



गुम हो गये बच्चे



परित्यक्त बच्चे या लावारिस बच्चे



बाल मजदूर



सड़क पर रहने वाले बच्चे



रेलवे के सम्पर्क में आने वाले बच्चे



परिवार से उपेक्षित व अनाथ बच्चे



विषम पारिवारिक स्थिति वाले बच्चे



शोषित बच्चे



भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चे



इसके अलावा यदि आपको निम्न विषयों पर जानकारी हो या समस्या हो तो भी तत्काल सम्पर्क करें

- बच्चों के पुनर्वास में सहायता हेतु
- दत्तक ग्रहण में सहायता हेतु
- हुनर विकास योजना के लाभ में सहायता हेतु
- पालन हार योजना में सहायता हेतु
- बाल विवाह होने की सूचना हेतु
- बच्चों के विरुद्ध अपराध रोकने के सम्बन्ध में सहायता

बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान

मिनिस्ट्र ऑनलाइन 1800-180-65-15

चाइल्ड हैल्प लाइन 1098

# बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार

20/198, सेक्टर-2, कावेरी पथ, के.एल. सैनी स्टेडियम के पास मानसरोवर, जयपुर फोन : 0141-2399335
Email : ccosjerajasthan@gmail.com, dcr@rajasthan.gov.in • Website : www.dcrraj.in






शिक्षा का अधिकार

# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

ब्लॉक 5, डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर -302017